




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल








वर्ष- 13, अंक - 191 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 29 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## छत्तीसगढ़ में मौसम का कहरः झुलसा रही सूर्य की किरणें, प्रदेश में भीषण गर्मी,

# कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और पंजाब समेत देश के कई राज्यों में प्रचंड गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है। दिल्ली, हरियाणा के कई इलाकों में गुरुवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था और आने वाले दिनों में ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है। लेकिन इस बीच चिंता की बात है कि दिल्ली समेत कई राज्यों में पावर कट से यह मुसीबत और बढ़ सकती है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की डिमांड बढ़ गई है और कोयले की सप्लाई में कमी देखी जा रही है। दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पहले से ही बिजली की कटौती चल रही है और आने वाले दिनों में यह संकट और बढ़ सकता है।

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ रही है। सूरज की किरणें झुलसा रहीं है। सूर्य देवता की तपिश से लगातार तापमान बढ़ रहा है और प्रदेश के कई जिले लू की चपेट में हैं। गुरुवार को प्रदेश के कई जिलों में पारा 44-45 डिग्री तक पहुंच गया है। प्रदेश के सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के एक दो पैकेट में लू (हीटवेव) चलने अथवा लू जैसी स्थिति निर्मित होने की संभावना है। आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है।




### गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने नगरीय निकायों व स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी की वजह से सड़कें सूनी हो जा रही है। अप्रैल माह में इस बार गर्मी का नया रिकार्ड बन रहा है। मैदानी इलाकों में गर्मी का प्रकोप ज्यादा है, जिसके कारण लोग हलाकान हो रहे हैं। मैदानी इलाकों की अपेक्षा वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान थोड़ा कम है। गुरुवार को रायपुर में 43.5 डिग्री, रायगढ़-मुंगेली में 44.6, बिलासपुर में 43.6 डिग्री, दुर्ग में 43.2 डिग्री, राजनांदगांव में 42.9, अंबिकापुर में 41.4 डिग्री, पेंड्रा रोड में 41.6 डिग्री, जगदलपुर में 38 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में उत्तर से गर्म और शुष्क हवा रही है, जबकि दक्षिण भाग में अपेक्षाकृत ठंडी और नमीयुक्त हवा का आगमन जारी है। प्रदेश में 29 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। प्रदेश के एक दो पैकेट में ग्रीष्म लहर चलने और कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है।

## भीषण गर्मी और ऊपर से पावर कट, देश के कई राज्यों में गुल होने लगी बत्ती





दिल्ली सरकार ने गुरुवार को कहा कि राजधानी में मेट्रो का संचालन और अस्पतालों को बिजली की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने मीटिंग बुलाकर हालात का जायजा लिया है और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर कोयले की सप्लाई बढ़ाने की मांग की है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'दादरी और ऊंचाहार पावर स्टेशनों से बिजली की सप्लाई में कमी आई है। ऐसे में कई ऐसे संस्थानों के लिए बिजली आपूर्ति में संकट आ सकता है, जो 24 घंटे चलते हैं। मेट्रो और दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पतालों में बिजली की सप्लाई प्रभावित होती है।' जैन ने कहा कि इन पावर स्टेशनों से ही दिल्ली की कुल मांग की 25 से 30 फीसदी सप्लाई होती है और इन्हें कोयले की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### पंजाब में बिजली की मांग में इजाफा

ऐसा ही संकट पंजाब में देखने को मिल रहा है। राज्य में बिजली की मांग में 40 फीसदी का इजाफा हुआ है और ग्रामीण इलाकों में पावर कट चल रहा है। इसके विरोध में किसान संगठन सड़कों पर उतर आए हैं। गुरुवार को किसान मजदूर संघर्ष कमिटी ने ऐलान किया था कि वे आज ऊर्जा मंत्री के घर के बाहर प्रदर्शन करेंगे। पंजाब में यह संकट ऐसे समय में पैदा हुआ है, जब राज्य सरकार ने लोगों को फ्री बिजली देने का वादा किया है और इसे जुलाई से लागू करने की बात की जा रही है। ऊर्जा मंत्री हरभजन सिंह का कहना है कि तापमान में इजाफा होने के चलते बिजली की मांग में 40 फीसदी तक का इजाफा हो गया है।


### उत्तर प्रदेश में भी गहरा सकता है संकट

उत्तर प्रदेश में कोयले का स्टॉक तेजी से कम हो रहा है। जरूरत का 25 फीसदी कोयला स्टॉक ही फिलहाल मौजूद है और यदि आने वाले दिनों में सप्लाई न बढ़े तो फिर संकट गहरा सकता है। यूपी के सरकारी सूत्रों का कहना है कि अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में ही प्रचंड गर्मी पड़ी है और इसके चलते बिजली की मांग में इजाफा हुआ है। उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग कितनी बढ़ी है। इसे हम इस बात से समझ सकते हैं कि 38 सालों में सबसे ज्यादा मांग इस बार है। एक तरफ मांग में तेजी देखने को मिल रही है तो वहीं कोयले की सप्लाई में आई है। इसके चलते संकट बढ़ा है। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, झारखंड, हरियाणा में भी बिजली का संकट देखने को मिल रहा है।

### राजस्थान में सरकार ने दिया पावर कट का आदेश

राजस्थान में भी पावर कट काफी ज्यादा है। यहां तक कि सरकार ने आधिकारिक तौर पर ही आदेश दे दिया है कि ग्रामीण इलाकों में तीन घंटे की कटौती की जाए। इसके अलावा जिलों में दो घंटे और डिविजनल लेवल पर एक घंटे की कटौती का आदेश दिया गया है। राज्य के ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा, 'कोयले का संकट पूरे देश में ही है। हम 15 रुपये प्रति यूनिट तक दे रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी बिजली की पूरी सप्लाई नहीं मिल पा रही है।'

## खास खबर



### दंतेवाड़ा में नक्सलियों की क्रूरता फिर आई सामने, मुखबिरी के आरोप में ग्रामीण की हत्या, शव के पास मिले पर्चे

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक बार फिर नक्सलियों की क्रूरता सामने आई है। मुखबिरी का आरोप लगाते हुए माओवादियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। आधा दर्जन सशस्त्र नक्सली रात को गांव आए और युवक को घर से थोड़ी दूर ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना स्थल से माओवादी पर्चे भी मिले हैं। मृतक का नाम हरेंद्र कोर्राम बताया गया है और वह नीलवाया गांव का निवासी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दंतेवाड़ा के एएसपी राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि 26-27 अप्रैल की दरमियानी रात नीलवाया के पटेल पारा के युवक हरेंद्र कोर्राम की हत्या हुई है। युवक शारीरिक रूप से विकलांग था। उनकी हत्या की रिपोर्ट थाना अरनपुर में प्राप्त हुई है। मौके से कुछ माओवादी पर्चे भी बरामद हुए हैं, जिनकी तस्दीक की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम को गांव भेजा गया था। बताया जाता है कि मुखबिरी का आरोप लगाते हुए नक्सलियों ने हरेंद्र कोर्राम को घर से उठाया था और कुछ दूर ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दी।

#### 2018 में एक पत्रकार की हत्या की थी

बता दें कि इसी नीलवाया गांव में 2018 विधानसभा चुनाव के समय डीडी न्यूज के पत्रकार, अरनपुर थाने के सब इंस्पेक्टर रुद्रप्रताप सिंह और 1 जवान की नक्सलियों ने एम्बुश लगाकर हत्या कर दी थी। उस समय से अब तक इस गांव में सरकार सड़क निर्माण भी पूरी नहीं करवा पाई है। यह इलाका मलांगीर एरिया कमेटी के प्रभाव वाला इलाका है और अत्याधिक संवेदनशील है। वर्दीधारी नक्सलियों अरनपुर के जंगलों से चिरमुर तक सक्रिय रहते हैं।

रेडी-टू-ईट मामले में सरकार के पक्ष में फैसला

## हाईकोर्ट ने कहा- शासन की व्यवस्था सही महिला समूहों की 287 याचिकाएं खारिज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेडी-टू-ईट मामले में फैसला सुना दिया है। अदालत का निर्णय राज्य सरकार के पक्ष में आया है। हाईकोर्ट ने रेडी-टू-ईट फूड को लेकर राज्य शासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था को सही माना और कहा कि इससे आहार की गुणवत्ता बेहतर होगी। इस आदेश के साथ जस्टिस आरसीएस सामंत ने महिला स्व सहायता समूहों की ओर से दायर 287 याचिकाओं को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब रेडी-टू-ईट उत्पादन का काम ऑटोमैटिक मशीन से कराने का रास्ता साफ हो गया है। कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

बता दें कि राज्य सरकार ने रेडी-टू-ईट वितरण के काम को केंद्रीयकृत करने का फैसला लिया है। 22 नवंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। इसके बाद रेडी-टू-ईट फूड निर्माण व वितरण का कार्य एक फरवरी 2022 से स्थानीय महिला स्व सहायता समूह के स्थान पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा स्थापित यूनिट के माध्यम से करने का आदेश महिला व बाल विकास सचिव रीना बाला साहेब कंगाले ने जारी किया था। शासन के इस निर्णय के खिलाफ 5 महिला स्व सहायता समूहों ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया था कि पूरे प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा महिलाओं इस काम में लगीं हैं।

### राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को काम

हाईकोर्ट में अलग-अलग स्व सहायता समूह की ओर से करीब 287 याचिकाएं दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने 28 जनवरी को सुनवाई करते हुए शासन के आदेश पर रोक लगा दी थी और स्व सहायता समूह को आगामी सुनवाई तक बिना किसी बाधा के कार्य करने का आदेश दिया था। छत्तीसगढ़ शासन ने अपने जवाब में कहा था कि छत्तीसगढ़ में चल रही रेडी टू ईट योजना से महिला स्व सहायता समूहों को पूरी तरह से बाहर नहीं किया गया है। वह इसका निर्माण कार्य नहीं करेंगी, लेकिन फूड का परिवहन और वितरण की जिम्मेदारी उनके ही पास रहेगी। इसे बनाने का जिम्मा राज्य सरकार ने राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को सौंप दिया है। शासन ने तर्क दिया था कि इससे पोषण आहार की गुणवत्ता में सुधार होगा।

## परसा कोल ब्लॉक पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी- क्या पेड़ों को पुनर्जीवित कर सकते हैं? राज्य शासन से मांगी रिपोर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राजस्थान सरकार को आवंटित परसा कोल ब्लॉक के भूमि अधिग्रहण को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। निजी कंपनी के लिए रात में पेड़ों की कटाई की बात सामने आने पर कोर्ट ने सख्त लहजे में वन विभाग को चेतावनी भी दी। डिवीजन बेंच ने यह पूछा कि यदि भूमि अधिग्रहण निजी कंपनी के हाथ जाने का कारण अवैध साबित होता है तो क्या इन कटे हुए पेड़ों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। कोर्ट ने निजी कंपनी के लिए पेड़ों की कटाई करने पर राज्य शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 4 मई को होगी।

याचिकाओं में लगाए गए स्टे आवेदन और संशोधन आवेदन पर बहस होनी थी। चीफ जस्टिस की खंडपीठ में सुनवाई होनी थी। उनके उपलब्ध न होने के कारण जनहित याचिका पर जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस एनके चन्द्रवंशी के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। मंगल साय, ठाकुर राम, मोतीराम, आनंद राम, पानिक राम एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि परसा कोल ब्लाक के खदान से वे प्रभावित हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव और अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि याचिकाओं में कोल बेयरिंग एक्ट को भी चुनौती दी गई है, लेकिन उस एक्ट को संवैधानिक मानकर भी यदि चला जाये तो अधिग्रहित की गई जमीन किसी निजी कंपनी को खनन के लिए नहीं दी जा सकती।



### अडानी की निजी कंपनी को सौंपी जा रही भूमि

अधिवक्ताओं ने न्यायालय को बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के नाम पर भूमि अधिग्रहण कर अडानी की स्वामित्व वाली कंपनी राजस्थान कॉलरी को भूमि सौंपी जा रही है। यह स्वयं कोल बेयरिंग एक्ट के प्रविधानों एवं सुप्रीम कोर्ट के कोल ब्लॉक जजमेंट के विरुद्ध है। परसा कोल ब्लॉक से संबंधित कोई भी कार्य आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। इस कारण पेड़ों की कटाई पर भी तुरंत रोक लगनी चाहिए। आपत्तियों का निराकरण नहीं हुआ है। पूरा क्षेत्र घने जंगल से आच्छादित और हाथी प्रभावित क्षेत्र है। खनन की अनुमति से मानव-हाथी द्वंद्व और बढ़ेगा। वहीं दो लाख पेड़ काटे जाएंगे। खनन के विरोध में ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं।

### स्टे आवेदन पर अब 4 मई को होगी सुनवाई

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और राजस्थान कालरी (अडानी) की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता निर्मल शुक्ला ने कहा कि पेड़ों की कटाई कंपनी ने नहीं बल्कि वन विभाग ने की है। खदान को सभी तरह की वन पर्यावरण अनुमति प्राप्त है। इस स्तर पर खंडपीठ ने यह पूछा कि यदि भूमि अधिग्रहण निजी कंपनी के हाथ जाने का कारण अवैध साबित होता है तो क्या इन कटे हुए पेड़ों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि अधिग्रहण को दी गई चुनौती गंभीर है और इसके समाप्त होने पर वन्य एवं पर्यावरण अनुमतियां अपने आप प्रभावहीन हो जायेगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को पेड़ों की कटाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ स्टे आवेदन पर 4 मई को सुनवाई तय की है।

## सीएम भूपेश बघेल बोले- प्रधानमंत्री को ईंधन की कीमतों पर देश को गुमराह नहीं करना चाहिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर देश को गुमराह नहीं करना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि केंद्र को पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले उपकर (सेस) को समाप्त करना चाहिए।

बघेल ने गुरुवार को विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा शासित राज्यों को पहले ईंधन पर वैट कम करना चाहिए। बघेल ने कहा, बढ़ती कीमतों के लिए राज्यों को दोषी ठहराया जा रहा है। आप



दिन-ब-दिन दरें क्यों बढ़ा रहे हैं? 12 दिनों में पेट्रोल की कीमतों में 10 रुपये की बढ़ोतरी की गई। प्रधानमंत्री को देश को गुमराह नहीं करना चाहिए।

मुख्यमंत्री से बातचीत में जब संवाददाताओं ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम करने के लिए राज्य सरकारों द्वारा वैट कम करने के प्रधानमंत्री के आह्वान को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि 'भारत सरकार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ा रही है। रसोई गैस में तो वैट नहीं लगता है उसका रेट क्यों बढ़ रहा है। अभी जो खाने का तेल है उसका रेट लगातार क्यों बढ़ रहा है। यह आम आदमी को बहकावे में लाने जैसी बात है कि महंगाई हमारे कारण नहीं राज्यों के कारण बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान पेट्रोलियम पदार्थों पर सेस खत्म करने की मांग की। बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम पदार्थों पर वैट की दर अन्य राज्यों से कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ 23-24 फीसदी वैट वसूलता है, जबकि कई अन्य राज्य 29 से 31 फीसदी की दर से वैट वसूलते हैं। भाजपा शासित राज्य को पहले (वैट) कम करना चाहिए, वे (केंद्र) दरों में वृद्धि करते हैं और राज्यों को कम करने के लिए कहते हैं। उन्हें पहले सेस खत्म करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे पूछा, अगर रसोई गैस पर वैट नहीं लगाया गया है तो रसोई गैस के दाम क्यों बढ़ाए जा रहे हैं? खाद्य तेल की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं?

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यों से 'राष्ट्र हित' में पेट्रोलियम उत्पादों पर से वैट घटा कर आम आदमी को राहत देने तथा वैश्विक संकट के इस दौर में सहकारी संघवाद की भावना के साथ काम करने की अपील की थी।




## संपादकीय

# वैट पर विरोध

जैसे-जैसे महंगाई तनाव बढ़ाती जा रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक बयानबाजी में भी तेजी आ रही है। महंगाई के समय ऐसे विवाद या आरोप-प्रत्यारोप नए नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल पर कुछ राज्यों को वैट घटाने के लिए कहते हुए इसे प्रार्थना बताया है, हालांकि कोई भी राज्य वैट घटाने को बाध्य नहीं है। लेकिन इसके बावजूद राज्यों से जो आवाजें आ रही हैं, उनको सकारात्मक रूप में ही स्वीकार करना चाहिए। कुछ नेताओं को यह शिकायत है कि प्रधानमंत्री ने कोरोना संबंधी बैठक में वैट की चर्चा क्यों की? हालांकि, यह विषय अलग है कि प्रधानमंत्री को ऐसी बैठकों में एक चिंता से हटकर दूसरी चिंता का जिक्र करना चाहिए या नहीं? बहरहाल, यह लगभग परंपरा ही रही है कि केंद्र सरकार ऐसी सलाह राज्यों को देती है, मानने या न मानने के लिए राज्य स्वतंत्र हैं। वैसे आपत्ति दो राज्यों की ओर से तीखी आई है। पश्चिम बंगाल व महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ पार्टियों की राजनीति को समझा जा सकता है। हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं, जब नेता राजनीति का कोई भी अवसर हाथ से जाने नहीं देना चाहते। लेकिन किसी को भी निशाने पर ले लेने का यह चलन प्रशंसनीय नहीं है। महाराष्ट्र में पेट्रोल अपेक्षाकृत महंगा है। मुंबई में प्रति लीटर डीजल से 24.38 रुपये केंद्र सरकार को और 22.37 रुपये राज्य के खाते में जा रहे हैं। वसूली का प्रतिशत पेट्रोल पर भी कमोबेश यही है। मतलब यह कि पेट्रोल, डीजल से केंद्र और राज्य, दोनों को लाभ है। दोनों का एक-दूसरे को दोषी ठहराना वाजिब नहीं है और किसी ने किसी को सीधे दोषी ठहराया भी नहीं है। आम लोगों की नजर से देखें, तो भाव कम करने की जिम्मेदारी दोनों पर है। आम लोगों की परवाह सभी सरकारों को करनी चाहिए। केंद्र और राज्य सरकारें जीएसटी के लिए सहमत तो हुईं, लेकिन दोनों ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा। ऐसे बहुपयोगी उत्पादों को विशेष वर्ग में रखकर भारी टैक्स लगाना कहां तक सही है, इस पर आम लोगों के हित में विचार करना चाहिए। आम लोगों पर टैक्स लगाना बिल्कुल सही है, लेकिन टैक्स तार्किक व न्यायपूर्ण भी महसूस होना चाहिए। पेट्रोल और डीजल को लेकर शिकायतें पुरानी हैं। अब समय आ गया है कि समाधान किया जाए। बेशक, आज की राजनीति से भी समाधान की उम्मीद की जा सकती है। फिर भी राज्य सरकारों को इस बात पर गौर करना चाहिए कि क्या ऐसे राज्य भी हैं, जहां पेट्रोल-डीजल की कीमत कम है? यह तथ्य तो सामने है कि चेन्नई में पेट्रोल 111 रुपये, जयपुर में 118 रुपये, कोलकाता में 115 रुपये और मुंबई में 120 रुपये प्रति लीटर है। ध्यान दीजिए, लखनऊ में पेट्रोल 105 रुपये के करीब है। उत्तर प्रदेश के लोगों की तुलना में महाराष्ट्र के लोग भला क्यों पंद्रह रुपये ज्यादा कीमत चुका रहे हैं? यह भी गौरतलब है कि पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की थी, लेकिन महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने पेट्रोल, डीजल पर वैट में कटौती नहीं की। यह देखना चाहिए कि ये राज्य आखिर अपनी ओर से टैक्स में कटौती क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या इन राज्यों की माली हालत ज्यादा खराब है? क्या इन राज्यों को केंद्र से पर्याप्त राजस्व नहीं मिल रहा है? यह केंद्र और राज्यों को मिलकर तय करना चाहिए। एक ही देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में समानता होनी चाहिए। लोग तो यही चाहते हैं।

> "पश्चिम बंगाल व महाराष्ट्र की सत्तारूढ़ पार्टियों की राजनीति को समझा जा सकता है। हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं, जब नेता राजनीति का कोई भी अवसर हाथ से जाने नहीं देना चाहते। लेकिन किसी को भी निशाने पर ले लेने का यह चलन प्रशंसनीय नहीं है।

## प्रेम का आधार- गुण या अपनत्व

तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? उसके गुणों के लिए या मित्रता व अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल गुणों के लिए तुम किसी से प्रेम कर सकते हो। इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्द्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परंतु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उसके गुणों के लिए चाहते हो, और जब उसके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उसके गुणों के आदी हो जाते हो, तब तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परंतु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मांतरों तक रहता है। लोग अक्सर कहते हैं, 'मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं, क्योंकि वह महान है।'और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही व्यक्ति हैं, तब तुम्हारा प्रेम तुरंत समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो, क्योंकि वह तुम्हारे अपने हैं, तब वह चाहे जैसे भी हों, चाहे वह रचना करें या विनाश, तुम फिर भी उन्हें प्रेम करते हो। अपनेपन का प्रेम स्वयं के प्रति प्रेम के समान है। कुछ लोग पूछते हैं, कई व्यक्ति स्वयं को प्रेम क्यों नहीं करते? नहीं। बिल्कुल इसके उलट है। वे स्वयं को इतना अधिक प्यार करते हैं कि खुद के लिए बेहतर गुण चाहते हैं। जैसे हैं, उससे कहीं अधिक अच्छा प्रतीत होना चाहते हैं। गुणों के प्रति यह प्रेम उन्हें स्वयं के प्रति कठोर बनाता है। यदि प्रेम व्यक्ति के गुणों पर आधारित है, तो वह स्थायी नहीं। गुण बदलते ऐसा प्रेम डगमगा जाता है। किसी से उसकी महानता या विशिष्टता के लिए प्रेम करना तीसरे दर्जे का प्रेम है। किसी से इसलिए प्रेम करना, क्योंकि वह तुम्हारा अपना है, चाहे वह महान या विशिष्ट हो या नहीं, निष्काम प्रेम है। ज्ञान के संग साधना, सेवा और सत्संग अपनत्व का भाव लाते हैं। जब प्रेम अपनत्व के कारण होता है, तब उस प्रेम पर अच्छे या बुरे कर्मों या गुणों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। न तो गुण और न ही कर्म हर समय पूर्ण हो सकते हैं- केवल प्रेम और अपनत्व के भाव ही पूर्ण हो सकते हैं। प्रेम के चिह्न क्या हैं? जब तुम किसी से प्रेम करते हो, तब उसमें कोई बुराई नहीं देखते।

> "तेजी से जैविक खाद का निर्माण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। किसान रासायनिक खाद के साथ उचित अनुपात में जैविक खाद का उपयोग भी कर रहे हैं। धीरे-धीरे जैविक खाद का प्रयोग बढ़ता जाएगा। लगातार जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी पुनः अपनी ऊर्वरा शक्ति के उच्चतम स्तर पर पहुंचेगी और यह किसानों के लिए बहुत बेहतर स्थिति होगी।

# संस्कृति से वैज्ञानिक सोच को जोड़ने की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अद्भुत सोच है माटी पूजन दिवस

अक्षय तृतीया के अवसर को इस बार पूरे प्रदेश में माटी पूजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। संस्कृति से वैज्ञानिक सोच को जोड़ने की यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अद्भुत सोच है। अमूमन यह होता है कि हम वर्तमान की समस्याओं अथवा आने वाले पांच-दस साल की समस्याओं को सुलझाने की दिशा में योजनाएं बनाते हैं। भविष्य के संकट से निपटने की कोई कारगर योजना शायद ही बनाते हैं, इससे होता यह है कि तात्कालिक रूप से या अगले कुछ बरसों के लिए हमने संकट हल कर लिया लेकिन दशक भर बाद वो समस्या इतनी विकराल हो जाएगी कि किसी भी तरह से उस समय उसका निदान संभव नहीं हो सकेगा। पेयजल की बात लें, गर्मी में संकट आया तो आपने राइजिंग पाइप बढ़ा दी। पानी कुछ और फीट नीचे से ऊपर आ गया। फिर अंततः कुछ सालों बाद क्या होगा, अंततः भूमिगत जलस्रोत सूख जाएगा और ये ऐसी स्थिति होगी कि जिसका निराकरण बेहद कठिन होगा।

यह सुखद बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ऐसी योजनाएं चला रहे हैं जो हमारी समस्या कुछ बरसों के लिए नहीं दूर करती, अपितु स्थायी रूप से दूर करती हैं। नरवा योजना को लें, लोगों की पेयजल की दिक्कत की अस्थायी तैयारी तो सरकार करती ही है स्थायी रूप से संकट को दूर करने नालों के रिचार्ज पर काम किया जा रहा है। जिस तेजी से नरवा योजना पर काम हो रहा है आगामी कुछ सालों में प्रदेश में भूमिगत जल का स्तर तेजी से बढ़ेगा, सिंचाई का संकट भी दूर हो सकेगा।

भविष्य की एक दूसरी भयावह समस्या मिट्टी को लेकर दिखती है। जिस तरह पंजाब और हरियाणा में रासायनिक खाद का अतिशय प्रयोग हुआ और भूमि की ऊर्वरा शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई, उसी तरह की आशंका अन्य प्रदेशों के लिए है जहां धीरे-धीरे रासायनिक खाद का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। रासायनिक खाद उसी तरह हैं जिस तरह से हम शरीर में बाहरी सप्लीमेंट्स विटामिन या प्रोटीन आदि लेते हैं। कोई भी डाक्टर यह नहीं कहेगा कि आप सीधे सप्लीमेंट्स ले लें, वो इसे अत्याधिक जरूरत पड़ने पर ही लेने कहेगा, सामान्य स्थितियों में वो कहेंगे कि आप नैचुरल सप्लीमेंट भोजन में बढ़ाएं। इसी तरह की बात साइल हेल्थ के लिए भी है। रासायनिक खाद आर्टिफिशियल सप्लीमेंट्स की तरह हैं वे फसल की वृद्धि जरूर करेंगे लेकिन भूमि की अपनी प्रतिरोधक क्षमता की कीमत पर। इससे होता यह है कि कीटों का हमला फसल पर बढ़ जाता है और कीटनाशकों का खर्च बढ़ जाता है। कीटनाशक का प्रभाव पुनः मिट्टी पर नकारात्मक होता है इस प्रकार एक दुष्चक्र जो मिट्टी को झेलना पड़ता है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि रासायनिक खाद से उत्पादन तो अधिक होता है लेकिन पोषक तत्व काफी कम होते हैं। उदाहरण के लिए सौ साल पहले एक संतरा किसी पौधे में उगा, उसकी तुलना आज के किसी पौधे में उगे संतरे से करें तो पाएंगे कि इसमें पोषक तत्व लगभग 10 प्रतिशत ही रह गये हैं। इस प्रकार हमने 10 संतरे का उत्पादन जरूर कर लिया लेकिन इसका पोषक मूल्य पहले के एक संतरे के बराबर ही है। केवल खतरा मिट्टी का नहीं है। मिट्टी से रिसते पानी से भी है। भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा है। यदि मिट्टी में कार्बनिक तत्व पर्याप्त मात्रा में हों तो मिट्टी पानी का अवशोषण भी अधिक करती है और भूमिगत जल रिचार्ज होता जाता है। यही नहीं, मिट्टी का संरक्षण नहीं करते हैं तो ग्लोबल वार्मिंग का भी बड़ा खतरा है। मिट्टी में कार्बन जीवित पौधों की तुलना में तीन गुना और वातावरण में मौजूद कार्बन की तुलना में दोगुना होता है। इसका मतलब साफ है कि मिट्टी से कार्बनिक तत्व समाप्त हुए तो यह वातावरण में पहुंचेगी, ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाएगी और दुनिया का संकट अभूतपूर्व स्तरों तक पहुंचता रहेगा।



ऐसी गंभीर परिस्थितियों से निपटने बड़े बदलाव कदम दर कदम उठाये जाते हैं ताकि किसानों के आय का संतुलन प्रभावित हुए बगैर मिट्टी की ऊर्वरता सुरक्षित रखी जा सके। तेजी से जैविक खाद का निर्माण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। किसान रासायनिक खाद के साथ उचित अनुपात में जैविक खाद का उपयोग भी कर रहे हैं। धीरे-धीरे जैविक खाद का प्रयोग बढ़ता जाएगा। लगातार जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी पुनः अपनी ऊर्वरा शक्ति के उच्चतम स्तर पर पहुंचेगी और यह किसानों के लिए बहुत बेहतर स्थिति होगी।

अक्ती जैसे पर्व पर माटी पूजन की परंपरा जो शुरू की गई है उससे मिट्टी की सेहत से जुड़ी बारीकियों को समझाने में सफलता मिलेगी। इस पवित्र पर्व के अवसर पर शुरू किया गया यह अभियान मिट्टी की सेहत के लिए जनअभियान में शीघ्र ही बदल जाएगा। अभियान की बड़ी खूबी यह है कि केवल इसमें किसान शामिल नहीं हैं इसमें विद्यार्थी भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ का हर तबका इस अभियान से जुड़ेगा और तब अभियान का सार्थक संदेश जनजन तक पहुँच जाएगा।

**सौरभ शर्मा**

# विकास की राह में रोड़ा न बनें नियम

मकरंद आर परांजपे, प्रोफेसर, जेएनयू



जो लोग यह मानते हैं कि भारत का विकास आज से पहले ऐसे संभव नहीं था, वे अक्सर देश के विशाल नियामक और अनुपालन (नियम-पालन) तंत्र को लेकर निराश भी दिखते हैं। कभी-कभी वे नाराज और क्रोधित भी हो जाते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह व्यवस्था भारत के तेज विकास की कहानी में अड़चन और रुकावट पैदा करती है। माना यही जाता है कि कई बेईमानों, ठगों और प्रत्यक्ष धोखेबाजों केचलते खूब रुकावटेंपैदा होती हैंऔर हमारा विशाल तंत्र भारत में कारोबार को किसी दुःस्वप्न सरीखा बना देता है।

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) द्वारा हाल ही में जारी की गई 'जेल्ड फॉर डूइंग बिजनेस' रिपोर्ट में चौंकाने वाली 69,233 तरह की अद्वितीय मंजूरियां और औपचारिकताएं सूचीबद्ध की गई हैं। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट गौतम चिकरमने और अवंतिस रेगटेक के सह-संस्थापक व सीईओ ऋषि अग्रवाल द्वारा तैयार यह रिपोर्ट बताती है कि 26,134 मंजूरियों या औपचारिकताओं की पालना अगर न हो, तो बतौर दंड कारावास तक की सजा हो सकती है। सबसे अधिक नियम-पालन पर जोर देने वाले राज्यों में से जिन पांच सूबों में सर्वाधिक कारावास संबंधी प्रावधान हैं, वे हैं- गुजरात (1,469), पंजाब (1,273), महाराष्ट्र (1,210), कर्नाटक (1,175) और तमिलनाडु(1,043)। मगर निराशाजनक है कि सख्त अनुपालन व्यवस्था के बावजूद, जिसमें तमाम नियम मौजूद हैं व कठोर धाराएं भी लगाई जाती हैं, लेकिन असली अपराधी कानून के लंबे हाथों से बार-बार बचते दिखाई पड़ते हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के विकास की इन बाधाओं से पूरी तरह परिचित हैं। 21 अप्रैल को आयोजित 15वें सिविल सेवा दिवस के कार्यक्रम का इस्तेमाल उन्होंने न सिर्फ लोक प्रशासन में उत्कृष्ट काम करने वाले नौकरशाहों को पुरस्कृत करने के लिए किया, बल्कि यह संदेश भी घर-घर पहुंचा दिया कि हमारी नौकरशाही अपने जटिल प्रशासनिक व्यवस्था के कारण भारत के विकास में एक बड़ी चुनौती पेश कर रही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा साल 2013 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में नाम की घोषणा होने के बाद अपने शुरुआती अनुभवों को याद करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, जब मेरी पार्टी ने पहली बार 2013 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में मेरे नाम की घोषणा की थी, तब मुझे दिल्ली में कारोबारी समुदाय ने बुलाया था। मैंने उनके बीच एक भाषण दिया। तब 2014 के आम चुनाव होने में चार से छह महीने की देरी थी। जब उन्होंने मुझसे पूछा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद मैं क्या करूंगा, तब मैंने कहा, मैं हर दिन एक कानून खत्म करूंगा, कोई नया कानून मैं नहीं बनाऊंगा। यह सुनकर वे चौंक गए थे। और, अपने पहले पांच वर्षों में मैंने 1,500 कानून खत्म भी किए। बिना किसी लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने कहा, यह आप जानते ही हैं कि इस तरह के सैकड़ों कानून अपने देश में रहे हैं, जिनको मैं भारत के नागरिकों के लिए बोझ समझता हूं। आप मुझे बताइए, आखिर हमें ऐसे कानूनों को क्यों ढोना चाहिए? आज भी मेरी यही राय है कि इस तरह के कई कानून, जो बेकाम हो चुके हैं, उनके खिलाफ हम कुछ पहल क्यों नहीं करते? उनको खत्म क्यों नहीं कर देते? देश को इस गैर-जरूरी जाल से बाहर निकालना ही होगा। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की मंच पर मौजूदगी के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय नागरिकों से नियम-पालन की अंतहीन मांग करने वाली इस व्यवस्था पर बोलना जारी रखा।

उन्होंने कहा, इसी तरह, हम नागरिकों से सभी प्रकार के नियम अनुपालन की मांग करते रहते हैं। मैंने कैबिनेट सचिव से कहा कि जब तक हम बाकी दुनिया के लिए (अपने सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से) काम करने की कोशिश कर रहे हैं, आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि देश इन नियमों के पालन से मुक्त होगा; नागरिकों को हमें आजाद करना ही चाहिए। आजादी के इस 75वें वर्ष में आप नागरिकों को इस जाल में क्यों फंसा रहे हैं? और, एक कार्यालय में छह लोग काम करने बैठे होंगे, हर टेबल वाले को काम की पूरी जानकारी होगी, फिर भी वे अलग से पूछेंगे, टेबल की साइड से वे कुछ नहीं करेंगे। यहां मैं फिर से 'जेल्ड फॉर डूइंग बिजनेस' रिपोर्ट पर लौटता हूं। इसकी सामग्री को पिछले सात वर्षों में टीम लीज और रेग टेक ने शिद्दत से जमा किया है। इसके मोनोग्राफमें श्रम, वित्त व कराधान, पर्यावरण, स्वास्थ्य व सचिव के कार्य को लेकर सुरक्षा, वाणिज्यिक, उद्योग-केंद्रित और सामान्य क्षेत्र जैसे सात व्यापक श्रेणियों में रिपोर्ट के नतीजे बांटे गए हैं। नियामक न सिर्फ अतिरिक्त लाभ कमाने वाले, बल्कि गैर-लाभकारी संस्थानों की राह में भी बाधाएं उत्पन्न करता है। यही वजह है कि भारत में न केवल कोई कारोबार करना या नया संस्थान शुरू करना कठिन है, बल्कि उसे बंद करना तो कहीं ज्यादा दुरूह काम हो जाता है। जैसा कि टीम लीज के अध्यक्ष मनीष सभरवाल भी कहते हैं, भारत में नियोक्ता संबंधी अनुपालनों का अत्यधिक अपराधीकरण भ्रष्टाचार को जन्म देता है, औपचारिक रोजगार को कुंद करता है और न्याय में जहर घोलता है।

यह रिपोर्ट तमाम तरह की सिफारिशों से भरी हुई है, जिनमें व्यावसायिक नियमों और विनियमों को युक्तिसंगत बनाना, आपराधिक दंड को नियंत्रित करना और व्यापक नीतिगत सुधार शामिल हैं। देश के अनुपालन तंत्र या आम लोगों को सेवा देने वाली व्यवस्थाओं के पुनर्गठन से न केवल भारत में सामान्य कारोबारी माहौल बेहतर बन सकेगा, बल्कि इससे विभिन्न तरीके से पैसे कमाने वाले, नवाचार में विश्वास रखने वाले, उद्यमी और बड़े-बड़े उद्योगपतियों की गरिमा भी सुरक्षित रहेगी।

सिविल सेवकों के लिए प्रधानमंत्री का यह आह्वान केंद्र सरकार के साथ-साथ, देश के विभिन्न राज्यों, उनके विभिन्न मंत्रालयों व विभागों और पूरे देश के लिए एक व्यापक सुधार प्रक्रिया को शुरू करने का बेहतर मौका दे रहा है। यह निश्चय ही भारत को समृद्धि और खुशहाली की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## भंडार की कमी से स्थिति हुई गंभीर

राहुल गांधीभारत गंभीर ऊर्जा संकट की चपेट में है। ज्यादातर राज्यों में आम लोग आठ-आठ घंटे बिजली कटौती झेलने को मजबूर हैं। मैंने मोदी सरकार को आगाह किया था कि कोयले के भंडार में कमी उस वक्त एक बड़ी मुसीबत बन जाएगी, जब बिजली की मांग बढ़ेगी। इस मसले का हल ढूंढ़ने के बजाय सरकार ने इस तथ्य से ही इनकार कर दिया। सच खुद बोलता है। 165 कोयला संयंत्रों में से 106 संयंत्रों में भंडार चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। उनके पास 25 फीसदी कोयले का भंडार भी नहीं बचा है। हमारे पास 2.15 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जबकि जरूरत 6.63 करोड़ टन की है। गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और अन्य राज्यों में हम बिजली की बढ़ी मांग को पूरा करने की जद्दोजहद कर रहे हैं। कुछ राज्य कोयले का आयात करने के लिए मजबूर किए जा रहे हैं। कोविड-काल को याद कीजिए, जब सरकार ने भारत के प्रति अपनी जवाबदेही से मुंह फेर लिया था। कई राज्यों को 'आत्मनिर्भर' बनने के लिए मजबूर किया गया था, और वे ऑक्सीजन सिलेंडर के आयात की सोचने लगे थे। अब कोयले के मामले में भी यही सब हो रहा है। बेरोजगारी, महंगाई, और कारोबार बंद होने से हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ पहले से ही टूटी हुई है। अहंकारी और अक्षम सरकार के कारण आज यह गंभीर स्थिति पैदा हुई है।

**राहुल गांधी**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239
























COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA
Chartered Accountant
CMA
Cost & Management Accountant
B.Com
Bachelor of Commerce
11th/12th
Commerce Class
BBA
Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की विभिन्न पदों में होगी परीक्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राचार्य वर्ग-1, प्राचार्य वर्ग-2, प्लेसमेंट अधिकारी, सहायक संचालक (तकनीकी) (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, सहायक संचालक, रेशम (ग्रामोद्योग विभाग) सांईटिफिक आफिसर (केमेस्ट्री), चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग, सहायक संचालक (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) की परीक्षा 1 और 2 मई को आयोजित होगी। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। इसी तरह परीक्षा 4 मई को सहायक संचालक हाथकरघा (ग्रामोद्योग विभाग), सहायक पंजीयक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग) की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9 बजे दोपहर 12 बजे तक एवं विधि अधिकारी (छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग), विधि अधिकारी (गृह-जेल विभाग) की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा।

### सात जिलों में बारिश की चेतावनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मौसम विभाग ने प्रदेश के सात जिलों में बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। जिनमें महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, कांकेर, कोण्डागांव, बस्तर, और दंतेवाड़ा है। मौसम विभाग के मुताबिक तेज अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। मौषम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में उत्तर से गर्म और शुष्क हवा रही है जबकि दक्षिण भाग में अपेक्षाकृत ठंडी और नमी युक्त हवा का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में आज 29 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने की संभावना है। वहीं आज 29 अप्रैल को अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के एक दो स्थान पर ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। कुछ स्थानों पर ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की सम्भावना है।

# रेल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना से औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से होगा विस्तार: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रदेश में औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सरकार ने अब तक 167 एमओयू किए हैं। इन के माध्यम से 78 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में प्रस्तावित है, इनमें 90 इकाईयों को लगाने की प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज दुर्ग जिले के औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में स्थित हथखोज में नवनिर्मित रेल इंडस्ट्रियल पार्क एवं भारी एवं हल्का ओद्योगिक क्षेत्र भिलाई में निर्मित अधोसंरचनाओं के लोकार्पण के अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब औद्योगिक क्षेत्र बनते थे तब मौलिक सुविधाओं का अभाव होता था और इसके लिए काफी कोशिश करनी होती थी। आज रेल पार्क की अधोसंरचना देखी। सारी सुविधा यहां मौजूद है। यहां जल्द ही यूनिट्स लग जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न उद्योगों के माध्यम से प्रदेश में 19 हजार 550 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है जिसके माध्यम से 33 हजार लोगों को रोजगार मिला है। श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है और इसकी संभावनाओं को देखते हुए हमने फूड प्रोसेसिंग यूनिट पर विशेष जोर दिया। खाद्य एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में 478 इकाईयों के माध्यम से 1167 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिससे 6000 लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल इंडस्ट्रियल पार्क लगने के पश्चात यहां पर औद्योगिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार होगा। प्रदेश में उद्यमों को आगे बढ़ाने के लिए अधोसंरचना के क्षेत्र में और नीतियों के क्षेत्र में हरसंभव सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है और इस पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ ने प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य और रेल पार्क के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रेल पार्क में 22 भूखंड हैं। इसमे अधोसंरचना की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फूड पार्कों की स्थापना की दिशा में उद्योग विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इससे कृषि प्रधान हमारे राज्य का तेजी से आर्थिक विकास हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि रेल पार्क में 8 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड, पाइपलाईन, ओवरहेड टैंक, स्ट्रीट लाईट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर होने का लाभ रेलवे के लिए उपकरण तैयार करने वाली यूनिटों को होगा। एक ही जगह पर अधोसंरचना उपलब्ध होने का लाभ उद्यमियों को होगा तथा रेलवे के लिए भी रेल पार्क बन जाने से आसानी होगी। इसके साथ ही आज हल्के एवं भारी औद्योगिक क्षेत्र में सवा चार किलोमीटर सीसी रोड का लोकार्पण भी किया गया।

# धमतरी जिले में स्कूली बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** धमतरी जिले में स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी। शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूलों में अध्ययन अध्यापन की गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जिले के शैक्षिक समन्वयकों के एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में धमतरी जिले के हाई परफारमेंस डिस्ट्रिक्ट स्थिति में लाने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज और देश की नींव मजबूत होती है। शिक्षा का सही मायने में क्रियान्वयन ग्रासरूट लेवल यानी निचले स्तर पर ईमानदारीपूर्वक किया जाना बेहद आवश्यक है। कार्यशाला में स्कूलों में बच्चों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के साथ ही अध्ययन अध्यापन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनेक सुझाव दिए गए। इसी प्रकार बालवाड़ियों में बच्चों की शिक्षा, स्कूलों में बच्चों के मूल्यांकन, ग्रीष्मकालीन बच्चों के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर भी कार्यशाला में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। उन्होंने इस मौके पर लर्निंग आउटकम को प्राप्त करने के लिए जिले को एलपीडी से एचपीडी में लाने के लिए शपथ दिलाई।

राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा के अतिरिक्त प्रबंध संचालक के.सी. काबरा ने प्रोग्राम इंटरेक्शन इन एलपीडी डिस्ट्रक्ट विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला पंचायत की सी.ई.ओ. श्रीमती प्रियंका महोबिया भी कार्यशाला में उपस्थित थी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. रजनी नेलसन ने जिले में में अब तक किए गए कार्यो का प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से किया, जिसमें शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गयी।

# मुख्यमंत्री सुपोषण योजना: तीन माह में जिले के 791 बच्चे आए कुपोषण से बाहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत् जिले में माह दिसम्बर 2021 से 01 वर्ष से 03 वर्ष के 2910 बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन, अण्डा एवं मिलेट चिक्की का वितरण किया गया।

साथ ही 2217 शिशुवती माताओं जिनके बच्चे कुपोषित थे, उन्हें भी गरम भोजन प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिकीर्तन राठौर ने बताया कि इन चार माह में 791 बच्चे कुपोषण से सामान्य अवस्था में आ गए। उन्होंने बताया कि गुरूर विकासखण्ड के 161 बच्चे, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 224 बच्चे, डौण्डी विकासखण्ड के 255 बच्चे, बालोद विकासखण्ड के 66 बच्चे और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 85 बच्चे कुपोषण से बाहर आए हैं। उन्होंने बताया कि 1365 कुपोषित बच्चों के वजन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उक्त बच्चे शीघ्र ही कुपोषण से बाहर आएंगे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक नियमित रूप से गृहभेंट कर इन बच्चों के स्वास्थ्य एवं खानपान पर नियमित रूप से पालकों को आवश्यक सलाह दे रही हैं, जिससे आगामी माह में कुपोषण में उल्लेखनीय कमी होने की उम्मीद है।

# मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने ग्राम निपानी में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज बालोद जिले के ग्राम निपानी में एक करोड़ बीस लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। संजारी-बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा की मांग पर मंत्री डा. टेकाम ने गुरूर और ग्राम पीपरछेड़ी में नवीन स्कूल भवन तथा ग्राम नेवारीकला में स्कूल उन्नयन की घोषणा की। मंत्री डा. टेकाम ने कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-



छात्राओं को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंत्री डा. टेकाम ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन के लोकार्पण से छात्राओं को अध्ययन में सुविधा होगी। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उसका लाभ उठाने प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैय्याराम सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, उपाध्यक्ष मिथिलेश निरोटी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चन्द्रप्रभा सुधाकर, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संजय चन्द्राकर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक गोवर्धन राम ठाकुर, एस.डी.एम. गंगाधर वाहिले व अन्य अधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# लोगों को सुगमता पूर्वक मिले राशन - अमरजीत भगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उचित मूल्य दुकानों के लोगों को राशन उठाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोगों को राशन सुगमता पूर्वक मिले यह सुनिश्चित किया जाए। खराब ई-पास मशीन निर्धारित समयावधि में बदले जाएं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत खाद्य विभाग के समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



बैठक में भगत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता में है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए इसलिए राज्य के अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक सुगमता पूर्वक राशन पहुंचाना हमारी जवाबदेही है।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड धारियों के थम इम्प्रेशन, नॉमिनी तथा सर्वर प्राब्लम के कारण राशन वितरण की शिकायत आ रही थी। इन सभी शिकायतों पर अधिकारी गंभीरता से ध्यान दे। उल्लेखनीय है प्रदेश में वर्तमान में लगभग 69 लाख राशन कार्ड प्रचलित और 13 हजार से अधिक शासकीय उचित मूल्य के दुकानों में से 12 हजार 312 दुकानों में ई-पास मशीन लगाए जा चुके है।

खाद्य मंत्री भगत ने बैठक में कहा कि ऐसे व्यक्ति जिनके नाम से राशन कार्ड है परन्तु उचित मूल्य दुकान तक आकर राशन लेने में असमर्थ है जैसे-नि:शक्तजन, बुजुर्ग, 10 वर्ष से कम उम्र के बालक, गंभीर लाईलाज बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति आदि के लिए कारगर योजना बनाकार राशन उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों ने बताया कि नि:शक्तजन एवं ऐसे सदस्य जिसकी आयु 60 वर्ष से अधिक अथवा 10 वर्ष से कम राशनकार्डधारी के लिखित आवेदन पर जिला स्तर पर ही उसी उचित मूल्य दुकान से संलग्न एवं उनके द्वारा प्रस्तावित किसी अन्य हितग्राही को नॉमिनी नियुक्त कर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।

जिला स्तर पर 39 हजार से अधिक नॉमिनी नियुक्त किये जा चुके है तथा राज्य स्तर से 5,439 नॉमिनी नियुक्त किए जा चुके हैं। कुष्ठ रोगी, अथवा गंभीर बीमारी से पीड़ित राशनकार्डधारियों हेतु मितानिन या आगंनबाड़ी कार्यकर्ता को ट्रस्टेड पर्सन निुक्त कर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सुगमता पूर्वक राशन उपलब्ध हो सके इसके लिए आवेदन परीक्षण के बाद जल्द से जल्द नॉमिनी और ट्रस्टेड पर्सन का लिस्ट जारी हो।

भगत ने बैठक में नवीन ग्राम पंचायतों तथा 500 राशन कार्ड से अधिक संख्या वाले उचित मूल्य के दुकानों को कार्ड संख्या के हिसाब से युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन आबंटन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कस्टम मिलिंग, नागरिक आपूर्ति निगम, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम के कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, नागरिक अपूर्ति निगम के प्र्रबंध संचालक निरंजन दास, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित(मार्कफेड) की प्रबंध संचालक श्रीमती किरण कौशल, संयुक्त सचिव अभिनव अग्रवाल सहित अन्य संबंधित वरष्ठि अधिकारी उपस्थित थे।

# दो मई से घर घर टीकाकरण अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने 2 मई से घर-घर टीकाकरण करने के उद्देश्य से विशेष सत्र चलाने का निर्णय लिया गया है । इसके तहत 12 से 14 आयु वर्ग के लोगों का शत प्रतिशत टीकाकरण करते हुए कोविड-19 के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करना है ।

विशेष टीकाकरण अभियान की जानकारी देते हुए रायपुर के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.आशीष वर्मा ने बताया: जिले में 26 अप्रैल तक 12 से 14 आयु वर्ग में टीकाकरण लक्ष्य की तुलना में 68ल किया गया है। इसलिए जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने बैठक कर इस बारे में निर्णय लिया है, जिले में कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत 12 से 14 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों का घर घर भ्रमण कर कोविड-19 टीकाकरण करने के संबंध में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। कोविड-19 टीकाकरण अंतर्गत 12 से 14 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों का टीकाकरण 16 मार्च 2022 से शुरू किया गया था । जिला में 12 से 14 वर्ष तक के आयु समूह के हितग्राहियों का कोविड-19 टीकाकरण कराया जाना आवश्यक है। 24 अप्रैल से स्कूल में ग्रीष्मकालीन छुट्टियां प्रारंभ हो चुकी है, इसलिए प्रतिदिन घर घर जा कर कोविड-19 टीकाकरण करने का निर्णय लिया है। साथ ही अन्य वैक्सीन वाले पात्र हितग्राहियों का भी टीकाकरण किया जाएगा। तीव्र गर्मी को देखते हुए जिले में 2 मई से चलाया जाने वाला विशेष टीकाकरण सत्र सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाया जाएगा। इसमें टीम घर घर जाकर टीकाकरण के साथ-साथ लोगों में टीकाकरण के प्रति बैठी नकारात्मक सोच और भ्रांतियों को भी दूर किया जाएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा समन्वय बैठक की गई है। जिसमें जिला के गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) का भी सहयोग लिया जाएगा। सीएमएचओ कार्यालय में हुए मीटिंग में यूनिसेफ अजीज प्रेम जी, वर्ल्ड विजन, हेल्प एज इंडिया, टीसीआई फाउंडेशन ने अपना सहयोग देने को कहा है। टीकाकरण हमारे शरीर में कोविड-19 के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। टीकाकरण हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा देता है।

RKMG COMMUNITY
Chhattisgarh: India
We are looking for 15 franchisees in Chhattisgarh for RKMG Community
RKMG Community is in the following business :
1. Advertising.
2. E-Commerce (Selling Products and Services to Our Customers to Solve their problems).
3. Advance technology driven job portal.
4. India's First Social and Professional Media Platform.
5. Giving Franchisee (Helping Indians to earn regularincome through this Model).
6. It's a franchisee and not MLM
Rs. 5000 + GST Franchisee
Please search RKMG Community on any search engine for your understanding.
Pradeep Kumar
Mob. 7828463843, 9424121355

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

MATTRESSWALA
We cut costs, not sleep
हॉस्टल गद्दा Start From ₹ 349/-
कॉटन गद्दा Start From ₹ 399/-
फोम गद्दा Start From ₹ 1599/-
बीन बैग Start From ₹ 799/-
तकिया Start From ₹ 119/-
चादर, कवर
Same Day Free Delivery In Raipur
Or 79879-18262
Order Online :- www.mattresswala.co.in
SANJAY RUI BHANDAR
Main Road Pandri, Raipur : 7987081626

## खास खबर

### अक्ति के दिन 'माटी पूजन दिवस' मनाएगा छत्तीसगढ़

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य में 3 मई अक्षय तृतीया अक्ति के दिन माटी पूजन दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। राज्य के सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर परम्परागत रूप से माटी पूजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिलों के प्रभारी मंत्री, विधायकगण, त्रि-स्तरीय पंचायतों के सम्मानित जनप्रतिनिधिगण सहित कृषकों एवं नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित करते हुए धरती माता की रक्षा हेतु शपथ ली जाएगी एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। रायपुर में 3 मई को अक्ति के दिन राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।

कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने इस संबंध में राज्य के सभी संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों को प्रेषित पत्र में लिखा है कि माटी पूजन दिवस का उद्देश्य मिट्टी की उर्वरा शक्ति के पुनर्जीवन हेतु रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के स्थान पर वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग के साथ गौ-मूत्र एवं अन्य जैविक पदार्थों के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा है कि माटी पूजन अभियान के तहत प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों एवं जनमानस की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के स्थान पर वर्मी कम्पोस्ट, गौमूत्र एवं जैविक खादों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ ही रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान के प्रति किसानों को जागरूक करने एवं मानव-पशु आहार को हानिकारक रसायनों से मुक्त करना हैं। माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में जिले में वर्मी कम्पोस्ट के कार्य से जुड़े स्वसहायता समूह एवं गौठान समितियों के सदस्यगण, समान गतिविधियों को संचालित कर रहे गैर सरकारी संगठनो एवं समाजिक समूहों, प्रगतिशील जैविक खेती करने वाले कृषकों विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओ, स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजन की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों की प्राचार्यों की समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को

**रायपुर।** प्रदेश में संचालित 171 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों और 32 स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट माध्यम विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक 29 अप्रैल को मंत्रालय महानदी भवन रायपुर में आयोजित की गई है। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला इन स्कूलों की समीक्षा दो चरणों में करेंगे। प्रथम चरण में प्रातः 11 बजे से बस्तर और सरगुजा संभाग सहित जांजगीर, सक्ती और मुंगेली शिक्षा जिलों की समीक्षा की जाएगी। द्वितीय चरण में दोपहर 3 बजे से रायपुर संभाग, दुर्ग संभाग सहित जिला रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही की समीक्षा की जाएगी।

बैठक में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय (सेजेस) विद्यालयों की समस्त ऑनलाइन एंट्री, रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति एवं नियुक्ति की कार्रवाई, विद्यार्थियों के एडमिशन के संबंध में समीक्षा होगी। इसके साथ ही एकेडमिक पार्ट, स्कूलों में निर्माण एवं रेनोवेशन, अतिरिक्त सेक्शन के संचालन, प्राचार्य प्रशिक्षण और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को सभी सेजेस प्राचार्यो की उपस्थिति बैठक में सुनिश्चित कराएं। जिन प्राचार्यों का प्रशिक्षण प्रशासन अकादमी निमोरा में हो रहा है, वे भी निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित रहें।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

# दूरस्थ अंचलों में नियमित क्लिनिक लगाएं: भूपेश बघेल

#### रदेश में 30 सालों के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की हो रही है भर्ती

#### चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण में तेजी लाने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के क्रियान्वयन की सराहना करते हुए दूरस्थ अंचलों के हाट-बाजारों में इसका नियमित आयोजन करने कहा। उन्होंने भिलाई स्थित चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की तरह सिकलसेल की जांच और उपचार के लिए भी अभियान की कार्ययोजना बनाने कहा। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव डॉ. मनिन्दर कौर द्विवेदी ने बैठक में बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत पिछले चार वर्षों में प्रदेश के शासकीय अस्पतालों को कुल 493 करोड़ रूपए से अधिक के इलाज के दावों का भुगतान किया गया है। वर्ष 2019 में 142 करोड़ 47 लाख रूपए, 2020 में 50 करोड़ 19 लाख रूपए, 2021 में 114 करोड़ 31 लाख रूपए और 2022 में 186 करोड़ 40 लाख रूपए का भुगतान सरकारी अस्पतालों को किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेशभर में 15 लाख 23 हजार लोगों को इलाज मुहैया कराया गया है। इस दौरान 1657 हाट-बाजारों में कुल 36 हजार से अधिक क्लिनिकों का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि चालू अप्रैल माह में 178 अतिरिक्त हाट-बाजारों में क्लिनिकों का संचालन शुरू किया गया है। वर्तमान में कुल 1835 हाट-बाजारों में योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत कई क्लिनिकों में मोतियाबंद और टीबी की स्क्रीनिंग भी की जा रही है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 30 वर्षों के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की जा रही है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों के 641 पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2020 में पदोन्नति के माध्यम से 213 विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त किए गए थे। पदोन्नति के जरिए अभी 240 और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए जनवरी-2019 के बाद से अब तक 1820 चिकित्सा अधिकारियों और 558 स्टॉफ नर्सों की भर्ती की गई है। साथ ही 509 एमबीबीएस अनुबंधित डॉक्टर भी विभिन्न सरकारी अस्पतालों में सेवाएं दे रहे हैं।

बैठक में बताया गया कि कांकेर के नए मेडिकल कॉलेज में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा 125 सीटों पर प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है। कोरबा और महासमुंद में नए मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन का आबंटन किया जा चुका है। राज्य शासन द्वारा तीनों नए मेडिकल कॉलेजों के लिए सेट-अप मंजूर किए जाने के बाद विभिन्न पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जा रही है। राजपत्रित पदों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग तथा अराजपत्रित पदों पर विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड व व्यापमं के माध्यम से भर्ती प्रक्रियाधीन है। चंदूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण के लिए भूमि, भवन और वाहनों का मूल्यांकन कर लिया गया है। राज्य शासन द्वारा इसके लिए 1041 पदों के सेट-अप की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें महाविद्यालय के लिए 425 और संबद्ध अस्पताल के लिए 616 पद शामिल हैं।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी और डॉ. एस. भारतीदासन, उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया, स्वास्थ्य विभाग की सचिव शहला निगार, आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक नीरज बंसोड़, चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह भी बैठक में उपस्थित थे।

# बच्चों में परीक्षा का भय खत्म करना आवश्यक: डॉ. एस. भारतीदासन

#### नवनियुक्त स्कूल शिक्षा सचिव ने एससीईआरटी और बीएड कॉलेज का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बच्चों में परीक्षा का भय खत्म करने के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षक परीक्षा या बोर्ड परीक्षा के पहले बच्चों की एक परीक्षा ले, ताकि उनमें आत्मविश्वास विकसित हो। शिक्षक को बच्चों को सरल तरीके से समझाएं, ताकि उन्हें अच्छी तरह याद हो सके। इस आशय के विचार स्कूल शिक्षा विभाग के नवनियुक्त सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में आयोजित एक अनौपचारिक बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने इस मौके पर संचालक एससीईआरटी राजेश सिंह राणा के साथ बीएड कॉलेज का भी भ्रमण किया।

डॉ. दासन ने कहा कि बच्चों में परीक्षा के प्रति भय का वातावरण रहता है इसे दूर करने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विषयों में 5-5 के चार समूह बनाए जाएं और चार पेपर सेट किए जाएं, उसमें से एक पेपर पर परीक्षा हो। इससे यह भी पता चलेगा कि शिक्षकों ने कितना कार्य किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षक किसी भी कार्य को औपचारिक ना समझे बल्कि वह रिजल्ट ओरिएंटेड काम करें। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम के सेल से कहा कि ऐसा कार्य करें जिससे छत्तीसगढ़ के बच्चे अंग्रेजी प्रतियोगिताओं में अव्वल आए और फर्राटेदार इंग्लिश बोल सकें।

डॉ. एस. भारती दासन ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग में उच्च प्राथमिकता के कार्यो को और अधिक बेहतर तरीके से संचालित किया जाना है। उन्होंने कहा कि एससीईआरटी एक महत्वपूर्ण संस्था है जिसमें हम यह तय करते हैं कि बच्चे कैसे पढ़ेंगे, क्या पढ़ेंगे। हमें बच्चों की भाषा पर विशेष ध्यान देना है। बच्चों की इंग्लिश, हिंदी और स्थानीय भाषा अच्छी होगी तो वे समाज में आगे आकर काम कर सकते हैं और किसी भी परीक्षा में इंटरव्यू अच्छे से दिला सकते हैं।

सचिव डॉ एस. भारतीदासन ने बीएड कॉलेज निरीक्षण के दौरान कहा कि नियमित बीएड के साथ पत्राचार के माध्यम से बीएड और एमएड को प्राथमिकता प्रदान करनी है। जिसमें शिक्षक स्कूल में रहकर कोर्स पूर्ण कर सके और ज्यादा से ज्यादा डिग्री प्राप्त कर सके। उन्होंने बीएड कॉलेज में धरोहर कार्यक्रम के अंतर्गत रखी गई वस्तुओं को सहेजने एवं साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। इससे पूर्व एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत एससीआरटी द्वारा चल रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शिक्षा समागम, बालवाड़ी, राज्यस्तरीय कार्यशाला, विभिन्न गठित प्रकोष्ठ के कार्यों और शिक्षकों के प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एससीईआरटी के अपर संचालक डॉ. योगेश शिवहरे सहायक संचालक प्रशांत पांडेय, वरिष्ठ प्राध्यापक निशी भांबरी, बीएड कॉलेज की प्राचार्य जे. एक्का, पुष्पा किस्पोट्टा सहित विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रभारी उपस्थित थे।

# निजी विश्वविद्यालय भी सूचना का अधिकार अधिनियम के दायरे में : राज्य सूचना आयुक्त



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के सभी निजी विश्वविद्यालय भी सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के दायरे में आते हैं और आवेदक को सूचना देना उनका कर्तव्य है। अग्रवाल छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के निजी विश्वविद्यालयों के लिए आयोजित सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। श्री अग्रवाल ने राज्य के 15 निजी विश्वविद्यालयों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम को ठीक से पढ़ लेने से ही अधिकतर प्रश्नों के उत्तर मिल जाते हैं और अपील की स्थिति निर्मित नहीं होती है। श्री अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि सूचना में देरी होने पर संबंधित विश्वविद्यालय का जन सूचना अधिकारी जिम्मेदार होता है तथा प्रार्थी भ्रामक जानकारी मिलने पर सीधे राज्य सूचना आयोग में शिकायत कर सकता है।

कार्यशाला में निजी विश्वविद्यालयों को सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 की अलग-अलग धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्हें तृतीय पक्ष और गोपनीय दस्तावेजों के संबंध में भी जानकारी दी गयी। कार्यशाला में ये जानकारी भी दी गयी कि आनलाइन वेबसाइट पर ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रकाशित करने पर लोगों को स्वत: जानकारियां मिलेंगी और इससे जानकारी मांगने के आवेदनों में कमी आएगी। कार्यशाला में निजी विश्वविद्यालयों के जन सूचना अधिकारियों ने राज्य सूचना आयुक्त से सूचना के अधिकार अधिनियम से संबंधित सवाल भी पूछे जिसका राज्य सूचना आयुक्त ने जवाब दिया।

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के नया रायपुर स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में आभार प्रकट करते हुए आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने कहा कि इस कार्यशाला से आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों समेत प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों को लाभ मिलेगा और वो सूचना के अधिकार अधिनियम की आवश्यकता को समझते हुए बेहतर कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सदस्य प्रशासनिक ब्रजेश चंद्र मिश्र समेत प्रदेश के 15 निजी विश्वविद्यालयों के जन सूचना अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी उपस्थित थे।

# 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होगी खरीफ फसलों की बुआई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन में फसलों की बुआई को लेकर लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। खरीफ सीजन 2022 में कुल 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार फसलों की बुआई होगी, जो कि बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक है। खरीफसीजन 2022 के बुआई लक्ष्य निर्धारण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि धान के रकबे में बीते खरीफ सीजन के तुलना में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी कर दी गई है, जबकि मक्का के रकबे में लगभग एक लाख हेक्टेयर तथा कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में लगभग 66 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। धान के रकबे को घटाने के साथ ही कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों के बुआई रकबे में बीत साल की तुलना में लगभग पौने तीन लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में राज्य में 47 हजार 65 हजार 190 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। खरीफ सीजन 2022 में इस लक्ष्य को लगभग 55 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 38 लाख 99 हजार 340 हेक्टेयर में धान की बोनी हुई थी, खरीफ सीजन 2022में इस लक्ष्य को घटाकर 33 लाख 64 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है। यानि धान के रकबे में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी लाने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। खरीफसीजन 2022 में मक्का की बुआई 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होगी, जबकि बीते वर्ष राज्य में 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है। कोदो कुटकी और रागी का रकबा भी 82 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख 47 हजार हेक्टेयर किया गया है। इस प्रकार राज्य में मोटे अनाज का रकबा भी 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर किया गया है। दलहनी फसलों का रकबा 4 लाख 48 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जबकि बीते खरीफ सीजन में 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में दलहनी फसलों की खेती की गई थी। इसी तरह तिलहनी फसलों के रकबे में एक लाख की बढ़ोत्तरी करते हुए इनका रकबा दो लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर कर दिया गया है। खरीफ 2021 में राज्य में एक लाख 66 हजार 670 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें लगाई गई थी, अन्य खरीफ फसलों के रकबे में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। खरीफ2022 में अन्य खरीफ फसलें दो लाख 83 हजार हेक्टेयर में लगाए जाने का लक्ष्य है, जबकि बीते खरीफ सीजन में इनकी बोनी का रकबा एक लाख 33 हजार हेक्टेयर था।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सिनेमाघरों के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी आलिया प्रियंका और कटरीना स्टारर फिल्म

**बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफस्टारर फिल्म जी ले जरा की घोषणा के बाद से ही फैंस बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेता और फिल्म निर्देशक फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को खुद फरहान, जोया अख्तर और रीमा कागती ने लिखा है। इसी बीच अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दोस्ती पर आधारित इस फिल्म को सिनेमाघरों के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज किया जाएगा।**



हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। फिल्म जी ले जरा आलिया भट्ट, कटरीना कैफऔर प्रियंका चोपड़ा द्वारा अभिनीत एक मेगा प्रोजेक्ट है। दिल चाहता है और जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के बाद अब लड़कियों का यह समूह रोड ट्रिप पर जाता नजर आएगा। हाल ही में अमेजन प्राइम वीडियो ने घोषणा की कि फिल्म जी ले जरा थिएटर में रिलीज होने के बाद ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म अगले साल 2023 में रिलीज होने की उम्मीद है।

अभिनेता फरहान अख्तर ने आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ के साथ इस प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी। फरहान ने सोशल मीडिया पर लिखा, क्या किसी ने रोड ट्रिप कहा? निर्देशक के रूप में अपनी अगली फिल्म की घोषणा करने के लिए रोमांचित हूं और इसे करने के लिए दिल चाहता है के 20 साल पूरे होने से बेहतर दिन क्या हो सकता है। फिल्म जी ले जरा का फिल्मांकन आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ के साल 2022 में शुरू होगा।

वहीं, इस फिल्म में जिंदगी ना मिलेगी दोबारा की स्टार कास्ट भी नजर आएगी। इसक बारे में एक सूत्र ने एक वेबसाइट को जानकारी दी कि ऐसी संभावना है कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और जी ले जरा के बीच किसी प्रकार का कैमियो या क्रॉसओवर होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म में उनके चरित्र कैसे विकसित होंगे। फरहान एक सरप्राइज कैमियो के लिए जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के किरदारों को जी ले जरा के साथ मिलाने का विचार कर रहे हैं।

हाल ही में डिजिटल प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने भारत में अपने 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस सिलसिले में हाल ही में हुए एक लाइव इवेंट के दौरान प्राइम वीडियो ने अपने प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज का एलान किया। इस साल प्राइम वीडियो पर शाहिद कपूर स्टारर 'फर्जी', कुणाल खेमू और पंकज त्रिपाठी की 'गुलकंद टेल्स', रत्ना पाठक शाह, राज बब्बर स्टारर 'हैप्पी फैमिली कंडीशंस अप्लाई' जैसी वेब सीरीज और फिल्में आने वाली हैं।

# मेरे लुक फेमिनिन लुक होने की वजह से मुझे भी बुली किया गया: टाइगर श्रॉफ



एक्टर टाइगर श्रॉफ ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। डांस, एक्शन, रोमांस, अभिनेता ने इन सभी जानर में अपना टैलेंट दिखाया है, लेकिन जैकी श्रॉफका बेटा होने के बावजूद बुली हुए हैं। हाल ही टाइगर ने अपने करियर की शुरूआती दिनों में अपने लुक्स के वजह से हुए ट्रोलिंग पर बात की। यही नहीं अभिनेता खुद को ट्रोल किंग का खिताब देने से भी नहीं चूके।

### क्या कभी सोशल मीडिया ट्रोलिंग का मेन्टल हेल्थ पर बुरा असर हुआ है?

मैं तो ट्रोल किंग हूं, बचपन से लोग मुझे ट्रोल करते आ रहे हैं। मुझे याद हैं मेरे पहली फिल्म के ट्रेलर से मुझे मेरे लुक्स को लेकर ट्रोल किया गया। मेरे लुक्स थोड़े फेमिनिन हैं जोकि गलत नहीं है। उस वक्त दाढ़ी नहीं आई थी उस वक्त ट्रोलिंग से मुझे बहुत बुरा असर हुआ था। खास तौर जैकी श्रॉफ का बेटा होने के नाते जो एक माचो, गुड लुकिंग हीरो के तौर पर जाने जाते हैं। मुझसे भी लोगों ने कुछ ऐसा ही एक्सपेक्ट किया था लेकिन मैं वैसा नहीं निकला। उस वक्त मैं बहुत यंग था और लोगों का इस तरह का रिएक्शन एक्सपेक्ट नहीं कर रहा था। हालांकि किस्मत अच्छी थी की मेरी पहली फिल्म चल गई।

### हीरोपंती काफी सक्सेसफुल रही थी क्या 'हीरोपंती 2' को लेकर नर्वसनेस हैं?

बहुत नर्वस हूं क्योंकि दो साल बाद बड़े पर्दे पर आ रहा हूं। एक्साइटेड भी हूं साथ ही काफी थकान भी महसूस हो रही है। हम फिल्म को काफी प्रमोट कर रहे हैं।

### क्या अपनी पहली फिल्म के सक्सेस की उम्मीद की थी?

नहीं, बिलकुल नहीं। उस वक्त मुझे बॉक्स ऑफिस या सक्सेस के बारे कोई आईडिया नहीं था। मेरे लिए बस एक जिम्मेदारी थी क्योंकि मैं जैकी श्रॉफ का बेटा था। मेरा सफर बहुत मुश्किल भरा रहा है, खास कर मेरे पिता जो बहुत बड़े पर्सनालिटी हैं। उनसे खुद को अलग साबित करना बहुत चैलेंजिग था। मैं साजिद नाडियाडवाला सर का शुक्रगुजार हूं क्योंकि उन्होंने मुझे ग्रूम किया। मैं अपने इस सफर का पूरा क्रेडिट उन्हें देना चाहता हूं।

### आपने अब तक ज्यादातर एक्शन ड्रामा फिल्में की हैं, क्या कभी स्टीरियोटाइप होने का डर था?

मुझे बहुत मजा आता है जब लोग मुझे एक्शन हीरो कहकर बुलाते हैं, मुझे स्टीरियोटाइप होने का कोई डर नहीं। मुझे इस बात का बिल्कुल डर नहीं लगता की कहीं आगे चलकर मुझे इसी तरह की फिल्में ऑफर होती रहें, क्योंकि मैं बचपन से ही एक्शन हीरो बनना चाहता था। इस शैली की वजह से मुझे आइडेंटिटी मिली हैं, इससे खुद को दूर करने का सोच भी नहीं सकता। जैसे शाहरुख खान रोमांस के किंग माने जाते हैं, अक्षय कुमार को खिलाड़ी बुलाते हैं, मैं चाहता हूं मेरी पहचान एक्शन हीरो से बने।

# शाहरुख खान की तरह यूनिवर्सल स्टार बनेंगे यश, एस्ट्रोलॉजर ने की भविष्यवाणी

साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी फिल्म केजीएफ-2 को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इस फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए हैं। हाल ही में उनके भविष्य को लेकर मीडिया ने एक एस्ट्रोलॉजर से बात की। बैंगलोर के रहने वाले एस्ट्रोलॉजर पंडित जगन्नाथ गुरूजी ने यश की आने वाली लाइफ को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि यश बहुत मेहनती, ईमानदार और पॉजिटिव इंसान हैं और आने वाले समय में वो बॉलीवुड किंग शाहरुख खान की तरह यूनिवर्सल स्टार बन सकते हैं।

पंडित जगन्नाथ गुरूजी का कहना है कि आने वाले समय में यश अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस भी लांच करेंगे। इसके अलावा 10 साल बाद यश पॉलिटिक्स में भी उतर सकते हैं। गुरूजी का कहना है कि यश फिल्मों और पॉलिटिक्स के अलावा बिजनेस में भी अपना हाथ आजमाएंगे और एक सफल बिजनेसमैन साबित होंगे। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में यश की गिनती देश के टॉप एक्टर्स में होगी।



पंडित जी से जब यश की फैमिली के भविष्य को लेकर सवाल पूछा गया, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि बिजी शेड्यूल होने के बावजूद यश अपनी फैमिली को पूरा समय देंगे। कुछ समय के लिए यश और उनकी फैमिली के बीच मतभेद जरूर हो सकते हैं। लेकिन इसमें चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। क्योंकि, ऐसा बस कुछ समय के लिए ही होगा।

बता दें की यश की फिल्म केजीएफ-2 इस समय सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। कमाई के मामले में फिल्म आए दिन कोई न कोई नए रिकार्ड्स कायम कर रही है। अब इस फिल्म ने 2 हफ्ते यानी 14 दिन में ही 958 करोड़ रुपए से ज्यादा का वर्ल्ड वाइड बिजनेस कर लिया है। इतना ही नहीं फिल्म के हिंदी वर्जन ने भी 14 दिन में ही 343 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। इसके साथ ही केजीएफ-2 टाइगर जिंदा है, पीके और संजू के लाइफटाइम बिजनेस को पीछे छोड़कर हिंदी में तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म भी बन गई है।

# एक्टर ने की तारीफ: भाषा विवाद के बीच अजय देवगन ने साउथ फिल्मों को सराहा, बोले- उनकी फिल्में शानदार होती हैं

एक्टर अजय देवगन इन दिनों भाषा विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच अब एक्टर ने साउथ फिल्में बॉलीवुड से क्यों आगे निकल रही हैं। इस पर उन्होंने बात की है। साउथ की पुष्पा, आरआरआर और केजीएफ-2 ने हिंदी बेल्ट में ही करीब 300 करोड़ का बिजनेस किया है। वहीं आज यानी 29 अप्रैल को उनकी फिल्म रनवे 34 रिलीज हुई है। जिसको क्रिटिक्स का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

### हमने बड़े पैमाने में रिलीज करने का जिम्मा नहीं उठाया: अजय

अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि हमारी फिल्में वहां नहीं रिलीज हो रही हैं। बस किसी ने उनकी तरह कोशिश नहीं की। यहां से किसी ने भी अपनी फिल्मों को साउथ में बड़े पैमाने में रिलीज करने का जिम्मा नहीं उठाया। अगर कोई कोशिश करेगा तो ऐसा जरूर होगा, जैसा उनकी फिल्मों को यहां रिस्पॉन्स मिलता है।



### साउथ की फिल्में शानदार हैं

अजय ने आगे कहा कि हां, साउथ की फिल्में शानदार हैं। यहां वह बहुत अच्छा परफॉर्म करती हैं और हमारी भी फिल्में चल रही हैं। साउथ के फिल्ममेकर्स प्लान करते हैं कि नॉर्थ में भी अपनी फिल्में शानदार तरीके से रिलीज करनी हैं। इसीलिए वे नॉर्थ के एक्टर्स को फिल्मों में ले रहे हैं और उसी तरीके से स्क्रिप्ट भी प्लान करते हैं कि उनकी फिल्में पैन इंडिया चलें।

### सच्ची घटना पर आधारित है रनवे 34

रनवे 34 में अजय देवगन के अलावा अमिताभ बच्चन, रकुल प्रीत सिंह और बमन ईरानी भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में एक्टिंग के साथ अजय ने डायरेक्शन भी किया है। रनवे 34 सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है।

### हिंदी बेल्ट में खूब पसंद की जाती हैं साउथ की फिल्में

तमिल, तेलुगु और कन्नड़ की फिल्में साउथ के अलावा हिंदी बेल्ट में भी खूब पसंद की जाती हैं। इसके साथ ही ये फिल्में कमाई के मामले में भी बॉलीवुड से आगे रहती हैं। केजीएफ-2 के पहले 'आरआरआर', 'पुष्पा' और 'वलिमै' जैसी फिल्मों ने भी हिंदी बेल्ट में अच्छा बिजनेस किया था।

# स्पाइडरमैन फेम एंड्रयू गारफील्ड लेने जा रहे हैं फिल्मों से ब्रेक, बोले- कुछ दिन साधारण जिंदगी जीना चाहता हूं


स्पाइडर मैन फेम एक्टर एंड्रयू गारफील्ड अब फिल्मों से ब्रेक लेने जा रहे हैं। हाल ही में एक्टर ने अपनी वेब सीरीज 'अंडर द बैनर ऑफहैवन' की शूटिंग के खत्म होने पर इस बात का खुलासा किया और कहा कि वो पिछले 1 साल से नॉनस्टॉप काम करके थक गए हैं। एंड्रयू ने कहा कि उन्हें अपनी आने वाली जिंदगी की चीजों के बारे में सोचने के लिए कुछ खाली समय की सख्त जरूरत है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वो अब कुछ दिनों तक साधारण इंसान की तरह जीवन जीना चाहते हैं।

### एंड्रयू चाहते हैं नेचर का लुत्फ उठाना

एंड्रयू ने कहा, कभी-कभी ये बहुत जरूरी हो जाता है कि हम अपने काम से थोड़ा बहुत आराम लेकर नेचर का लुत्फउठाएं, थोड़ा घूमें फिरें, स्विमिंग और डांस करें साथ ही साथ अच्छा खाना खाएं। क्योंकि जब तक हम अपनी केयर नहीं करेंगे तब तक हम अपने काम को सही से नहीं कर पाएंगे।

### 'अंडर द बैनर ऑफहैवन' में डिटेक्टिव के रोल में नजर आएंगे एंड्रयू

एंड्रयू 'अंडर द बैनर ऑफ हैवन' में नजर आने वाले हैं। इस सीरीज की कहानी 2003 में जॉन क्राकाउर की इसी नाम से आई एक क्राइम बुक पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में एंड्रयू एक डिटेक्टिव का रोल प्ले कर रहे हैं, जो एक मर्डर केस का इन्वेस्टिगेशन करता है।



एंड्रयू की बात करें तो पिछले साल उनकी 3 फिल्में रिलीज हुई थीं, जो 'द आइज ऑफ टैमी फाई', 'टिक टिक बूम' और ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्पाइडर मैन नो वे होम' थीं। लेकिन एंड्रयू को पॉपुलैरिटी 'द अमेजिंग स्पाइडर मैन' से मिली थी। इसके बाद उन्होंने इस सीरीज की अगली फिल्म 'द अमेजिंग स्पाइडर मैन 2' की थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### कलेक्टर की पहल पर पशु-पक्षियों के लिए की गई पानी की कोटना व सकोरा की व्यवस्था

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे की पहल पर जिले के नगरीय क्षेत्रों में वर्तमान में गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने कोटना व सकोरा की व्यवस्था की जा रही है। पशु चिकित्सा सेवायें के उपसंचालक ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के नगर पालिका बालोद, दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा, डौण्डीलोहारा, चिखलाकसा में पशु-पक्षियों के लिए पानी की कोटना की व्यवस्था की जा रही है। जिसे चौक-चैराहों पर जहाँ सार्वजनिक नल है, वहाँ पर स्थापित किया जा रहा है। ताकि आसानी से पशुओं के लिए पानी उपलब्ध हो सके तथा पशु अपनी प्यास बुझा सके। उन्होंने बताया कि पक्षियों के लिए (सकोरा मिट्टी के पात्र) को भी विभिन्न शासकीय कार्यालयों के समीप एवं समाज सेवियों, दुकानों को वितरित किया जा रहा है।

### मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत 33 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित

**कोरबा।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम केरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत आज 33 हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन लाटरी पद्धति से किया गया, जिनमें से 29 आवासगृह मुड़ापार स्थित आवासगृहों में तथा 04 आवासगृह रामपुर स्थित आवासगृहों में आबंटित किए गए, शेष बचे आवासगृहों के आबंटन की प्रक्रिया आगे पूरी की जाएगी। यहाँ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत मुड़ापार, रामपुर, लाटा एवं कार्पोरेशन में 481 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, जबकि दादर में 2784 आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति एवं अंतिम चरण में हैं। पूर्व में निर्मित किए गए 481 आवासगृहों में से 148 आवासगृहों का आबंटन हितग्राहियों को पूर्व में किया जा चुका है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में हितग्राहियों की उपस्थिति में लाटरी पद्धति के माध्यम से 33 आवासगृहों का आबंटन हितग्राहियों के किया गया, जिनमें से 29 आवासगृह मुड़ापार एवं 04 आवासगृह रामपुर में निर्मित आवासगृहों में से आबंटित किए गए। वहीं बुजुर्ग, दिव्यांग एवं तलाकशुदा हितग्राहियों को भू-तल में आवासगृहों का आबंटन किया गया है, शेष बचे आवासगृहों के आबंटन की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी। क्षत्रवाणी एवं अशोक बनाफर, सी.एल.टी.सी. जितेश राठौर एवं अंकुश पाटकर आदि के साथ हितग्राहीगण उपस्थित थे।

# गिरिराज सिंह ने अंतर-मंत्रालयी अभियान आजादी से अंत्योदय तक का शुभारंभ किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। आज़ादी से अंत्योदय तक, 28 राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के 75 जिलों को 09 केंद्रीय मंत्रालयों की लाभार्थी योजनाओं के साथ संतृप्त करने के मिशन के साथ एक 90-दिवसीय अभियान आज माननीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री, गिरिराज सिंह द्वारा शुरू किया गया।**




साल भर चलने वाले आज़ादी के अमृत महोत्सव की भावना का जश्न मनाते हुए, पहचाने गए जिलों को 99 स्वतंत्रता सेनानियों के जन्म स्थान के साथ जोड़ा गया है, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए अपने संघर्ष के दौरान राष्ट्र के लिए अंतिम बलिदान दिया था। अभियान का लक्ष्य 17 चुनिंदा योजनाओं को सीधे लाभार्थियों को संतृप्ति मोड में सहायता के साथ शुरू करना है। प्रत्येक भाग लेने वाले मंत्रालयों / विभागों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे पिछली पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक पहुंचना है।

विकास मानकों में पिछड़े 75 जिलों को एमपीसीई (मासिक प्रति व्यक्ति संकेतक) और डी5/डी7 एसईसीसी-2011 (सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना) डेटा के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किया गया है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने आजादी से अंत्योदय तक अभियान को अमृत महोत्सव की दिशा में सरकार का एक ठोस कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के भारत को बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी 9 मंत्रालयों को जनभागीदारी के साथ मिलकर काम करना होगा। मंत्री ने कहा हम इन 17 योजनाओं को गहन वास्तविक समय निगरानी के साथ संतृप्ति मोड में ले जाएंगे। अभियान पूरा होने के बाद इसे एक रिकॉर्ड के रूप में रखा जाएगा। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, साध्वी निरंजन ने अभियान के शुभारम्भ पर अपने विचार सांझा करते हुए कहा की आज भी कई सेनानी हैं जिनको उनके ज़िले के लोग भी नहीं जानते। हमें अवसर मिला है कि हम उन्हें याद करें, उनको नमन करें और उनके गाँव को विकसित करें।काम अधिक है, समय थोड़ा है और मौक़ा यही है। 90 दिनों में अपने लक्ष्य की प्राप्ति ही उन अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली होगी।

पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोग अब स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के बारे में भी जानेंगे। अभियान के प्रमोचन पर सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा -आज का कार्यक्रम अपने आप में अनूठा है। आज हम आज़ादी के जंग से जुड़े विस्मृत सेनानियों के योगदान और भूमिका को याद कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान, माननीय मंत्री ने चुने गए 99 में से 3 स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के साथ भी बातचीत की। राजनंदगाँव, छत्तीसगढ़ से स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्यारे लाल सिंह के परिजन ने कहा कि- यह आयोजन हमारे परिवार, ज़िले और शहर के लिए गर्व की बात है। आज़ादी से अंत्योदय तक अभियान ग्रामीण विकास मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग-दिव्यांगजन, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग का एक सम्मिलित प्रयास है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, पशुपालन और डेयरी विभाग और श्रम और रोजगार मंत्रालय।

# मुख्यमंत्री ने मानव तस्करी की रोकथाम के लिए 61 वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में पुलिस प्रशासन को त्वरित एक्शन के लिए 61 नए वाहनों की सौगात दी है। आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हाईवे पेट्रोलिंग व मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग के 61 वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इनमें हाईवे पेट्रोलिंग अंतर्गत 15 वाहन, मानव तस्करी विरोधी इकाई के अंतर्गत 24 वाहन तथा कानून व्यवस्था हेतु 22 वाहन शामिल हैं।**



इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ विनय जायसवाल, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा , अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता , पुलिस महानिरीक्षक डॉ आनंद छावड़ा, पुलिस महानिरीक्षक एस सी द्विवेदी , पुलिस अधीक्षक रायपुर प्रशांत अग्रवाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा उपस्थित रहे ।

### 15 नए आर्टिगा वाहन उपलब्ध कराए गए है

हाईवे पेट्रोलिंग की व्यवस्था के तहत राजमार्गों पर आम नागरिकों को सुरक्षित एवं निर्वाध आवागमन के साथ-साथ सड़क दुर्घटना में तत्काल राहत एवं सहायता करने के उद्देश्य से 15 नए आर्टिगा वाहन उपलब्ध कराए गए है। ये वाहन बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, कबीरधाम, बिलासपुर , कोरबा, जांजगीर चांपा, रायगढ़, सरगुजा एवं बस्तर( जगदलपुर) में संचालित होंगे । हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस बल आवश्यक उपकरण तथा सामग्री से सुसज्जित होकर पूर्व निर्धारित स्थल पर तैनात रहते है तथा सामान्यत: पूर्व निर्धारित राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क खण्ड (सेगमेंट) में भ्रमण करते हैं। संबंधित खण्ड में दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर हाईवे पेट्रोल तत्काल स्वत: क्रियाशील होकर घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित को समुचित सहायता एवं चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु तत्काल नजदीकी अस्पताल तक रवाना करने की व्यवस्था करते हैं। क्षेत्राधिकार के थाना को घटना की सूचना देकर आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराते है। यदि घटनास्थल पर किसी प्रकार कानून-व्यवस्था स्थिति निर्मित होती है तो स्थानीय बल के पहुंचने तक कानून-व्यवस्था बनाये रखते है। थाना प्रभारी तथा स्टॉफ के घटना स्थल पहुंचने तक घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए राजमार्ग में आवागमन को सामान्य बनाये रखते है।

### 15 नवीन हाईवे पेट्रोल वाहन क्रय किये गए है

प्रदेश में कुल 30 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन पूर्व से जिला रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कोरिया, जशपुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कांकेर तथा कोण्डागांव जिलों में संचालित है। इसी तरह मानव तस्करी विरोधी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग यूनिट द्वारा गुम बच्चों के ऐसे प्रकरण, जिसमें बालक लंबे समय तक बरामद नहीं हो पाता है, तो मानव तस्करी की उपधारणा में प्रभावी विवेचना करना मानव तस्करी के पीड़ितों का बचाव कार्य, पीड़ितों की उचित देखभाल एवं काउंसलिंग उपलब्ध कराना पुलिस एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन कराना, मानव तस्करी के अपराधों का रिकार्ड का संधारण करना, अंतर्राज्यीय समन्वय स्थापित करना एवं मानव तस्करी के विरूद्ध जनजागरूकता अभियान का संचालन करना है।

# उपराष्ट्रपति ने निवारक स्वास्थ्य सेवा पर जागरूकता उत्पन्न करने का किया आह्वान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने चिकित्सा क्षेत्र के समुदाय से लोगों के बीच निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व और एक स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का आह्वान किया। नायडू ने एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए व्यापक प्रयासों का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने निजी संस्थानों, बड़े व्यापार घरानों और व्यक्तियों से स्वास्थ्य सेवा में सरकारी पहलों को आगे बढ़ाने को लेकर अपना समय व संसाधन खर्च करने का अनुरोध किया।**



उपराष्ट्रपति ने आज नेल्लोर स्थित स्वर्ण भारत ट्रस्ट और ग्लोबल अस्पताल, चेन्नई की ओर से आयोजित एक चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नायडू ने कहा कि देश में गतिहीन और तनावपूर्ण जीवन शैली के साथ अस्वास्थ्यकर भोजन की आदतें गैर-संक्रमणकारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी कर रही हैं। उन्होंने सभी लोगों से, विशेषकर युवाओं से शारीरिक फिटनेस और मानसिक सतर्कता बनाए रखने के लिए योग जैसी नियमित शारीरिक गतिविधियां करने का अनुरोध किया। नायडू ने आगे कहा कि उनकी इच्छा है कि संसद, प्रेस और राजनीतिक दल स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने आगे सुझाव दिया कि सरकारें इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए अधिक बजट का आवंटन करें।

उन्होंने युवाओं के बीच फास्ट फूड कल्चर का उल्लेख करते हुए उन्हें पारंपरिक रूप से तैयार व पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी। इसके अलावा उपराष्ट्रपति ने युवाओं के समग्र स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रकृति की गोद में कुछ समय गुजारने की जरूरत पर भी जोर दिया।

नायडू ने युवाओं में नशीली चीजों के सेवन की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी हितधारकों से नशीले पदार्थों के खतरे को जड़ से समाप्त करने के लिए ठोस प्रयास करने के लिए कहा। इस शिविर में पल्मोनरी (फेफड़े से संबंधित), फेफड़े, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा और अन्य विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लिए निःशुल्क जांच परीक्षण की सुविधा प्रदान की दी गई है। इसके अलावा मोतियाबिंद की सर्जरी भी की गई। इस शिविर में 500 से अधिक लोगों की जांच की गई। नायडू ने इस शिविर आयोजित करने के लिए आयोजकों की सराहना की। इससे पहले नायडू ने स्वर्ण भारत ट्रस्ट के वृद्धाश्रम का दौरा किया। उन्होंने यहां के वृद्धजनों से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# इरपानार में लगा जनचौपाल, विधायक, कलेक्टर, एस.पी. ने सुनी लोगों की समस्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित कोयलीबेड़ा विकासखंड के अतिसंवेदनशील क्षेत्र के गांव इरपानार में आज जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक अनुप नाग, कलेक्टर चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने लोगों की समस्या सुनीं तथा उनके निराकरण के लिए कार्यवाही की गई।

जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के मांग और समस्याओं से संबंधित 181 आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनमें से 92 प्रकरणों का निराकरण मौके पर किया गया, इनमें 81 आवेदन विभिन्न प्रकार के मांग तथा 11 आवेदन समस्या से संबंधित थे, जिनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पुलिस द्वारा मोर मितान कार्यक्रम के तहत सामुदायिक पुलिसिंग एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम भी आयोजित किया गया जिसमें ग्रामीणों को कपड़े, बैग, मच्छरदानी, युवाओं को क्रिकेट किट तथा स्कूली बच्चों को कापी पेन ,कम्पास बाक्स का वितरण किया गया।

जन चौपाल एवं सिविक एक्शन प्रोग्राम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री अनुप नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीणों के विकास और आर्थिक उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रही है। गांव, गरीब और किसानों के हित में कार्य किये जा रहे है जिससे लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि पखांजूर तहसील के कुरेनार नदी में पुल बनाने के लिए लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है, इस नदी में पुल बनाने का कार्य प्रगति पर है, जिसके पूरा होने पर लोगों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलेगी। श्री नाग ने ग्रामीणों की मांग पर इरपानार क्षेत्र के गांवों में पेयजल हेतु 15 दिवस के भीतर 05 बोर खनन कराने, इरपानार मे महिला क्लस्टर भवन निर्माण के लिए 05 लाख रुपए और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 05 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा किया। दुग्ध व्यवसाय के लिए डेयरी खोलने हेतु पहल करने की बात भी कही। सिविक एक्शन प्रोग्राम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच नजदीकियां बढ़ाने का यह बढ़िया तरीका है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा पुलिस के जवान भी आप के अपने हैं, उनसे दूरी कैसे, उन्हें अपनी समस्या जरूर बतायें। श्री नाग ने ग्राम ओरछा के बुर्जुग रवि मण्डल को ईलाज के लिए 10 हजार रूपये स्वीकृत करने की घोषणा भी किया।

# मोतियाबिंद की शल्यक्रिया हेतु राज्यस्तर पर डॉ. कल्पना मीणा को मिला तृतीय स्थान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नवा रायपुर स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य में अंधत्व निवारण हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों एवं चिकित्सा केन्द्रों को सम्मानित किया गया।**



जिसमें कोण्डागांव के जिला अस्पताल को पूरे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मोतियाबिंद की शल्यक्रिया करने के लिए तृतीय स्थान के साथ सम्मानित किया गया।

वही जिला अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना मीणा को प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों में वर्ष 2021-22 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में सर्वाधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन कर कोण्डागांव जैसे पिछड़े इलाकों में लोगों तक नि:शुल्क नेत्र रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध करने के लिए तृतीय स्थान प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि विगत् एक वर्ष में जिला अस्पताल में कुल 1203 मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये गये है। जो कि पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। जिसमें से 1144 मोतियाबिंद के ऑपरेशन डॉ. कल्पना मीणा द्वारा किये गये थे।

इस अवसर पर जिला अस्पताल एवं डॉ. मीणा की ओर से सम्मान सहायक नेत्र अधिकारी अनिल बैध द्वारा प्राप्त किया गया।

इस उपलब्धि के लिए जिले के सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर, सिविल सर्जन डॉ. संजय बसाक एवं डीपीएम सोनल ध्रुव द्वारा डॉ. मीणा एवं नेत्र सर्जरी के सम्पूर्ण स्टॉफ को बधाई दी गयी है। इस संबंध में डॉ. कल्पना मीणा ने जिले में अंधत्व निवारण कार्यक्रम के द्वारा प्राप्त उपलब्धि के लिए अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल डॉ. हरेन्द्र बघेल सहित नेत्र सर्जरी के सभी स्टॉफ को बधाई दी और बताया कि जिले में अंधत्व निवारण एवं मोतियाबिंद उन्मूलन के लिए मोतियाबिंद मुक्त कोण्डागांव अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। जिससे जिले के हर विकासखण्ड से ग्राम स्तर पर मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर उनका जिला अस्पताल लाकर नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। जिसके लिए ग्राम स्तर पर मरीजों की पहचान हेतु मितानिनों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी
चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh
Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# दोस्त की हत्याः युवक को शराब पिलाई, कपड़े उतारे और नहर में धकेल दिया, 2 नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

**कांकेर (ए)।** कांकेर में 24 अप्रैल को रुद्री नदी में मिले युवक के शव की गुत्थी सुलझ गई है। युवक के दोस्त ही उसके हत्यारे निकले। पूरा मामला लव ट्राइंगल का ही सामने आया। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को लड़की के पूर्व प्रेमी सहित तीन नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में शराब पिलाने और फिर नहर में धकेल कर मारने की बात स्वीकार कर ली है।



दरअसल, कांकेर के कोरर में कोड़ागांव निवासी भावेश देवांगन उर्फ लक्की (21) 23 अप्रैल को अपने दोस्तों सिंगारभाटा निवासी उमाशंकर नागे और संजय नगर निवासी नाबालिग के साथ धमतरी जाने के लिए निकला था। दोनों आरोपी लक्की को उसकी गर्ल फ्रेंड से एक युवक के छेड़खानी करने की जानकारी देकर साथ ले गए थे। धमतरी पहुंचने पर वहां रह कर पढ़ाई कर रहे गढ़ पिछवाड़ी निवासी एक अन्य नाबालिग दोस्त को भी साथ ले लिया।

### सबूत मिटाने के लिए मोबाइल और कपड़े भी नहर में फेंके

पुलिस ने बताया कि तीनों दोस्त साजिश के तहत लक्की को रूद्री नदी के पास लेकर गए और वहां उसे जमकर शराब पिलाई। इसके बाद उसके कपड़े उतारे और हत्या की नीयत से नहर में फेंक दिया। नशे में होने के कारण लक्की की डूबने से मौत हो गई। इसके बाद उसके कपड़े और मोबाइल भी सबूत मिटाने के लिए नहर में फेंक दिए थे। इसके बाद तीनों आरोपी धमतरी पहुंचे और वहां कमरे में रह रहे एक नाबालिग को छोड़ दिया।

### हत्या के बाद गर्लफ्रेंड के साथ खाई थी मैगी

लक्की की हत्या के बाद उमा नागे और एक नाबालिग उसकी गर्लफ्रेंड के कमरे में पहुंचे। वहां उससे मैगी बनवाई और तीनों ने खाई। इसके बाद लक्की की बाइक लेकर कोरर के मोदे पहुंचे और बाइक को जलाकर कांकेर लौट गए। खास बात यह है कि ग्रामीणों ने शनिवार शाम 6.30 से 7 बजे के बीच दो बाइक सवारों के साथ लड़की को भी देखे जाने की बात कही थी। हालांकि पुलिस ने गर्लफ्रेंड को क्लीन चिट दे दी है।

### वारदात के बाद फोन से संपर्क में थे सभी

पुलिस ने सभी आरोपियों का कॉल रिकार्ड भी खंगाले हैं। इससे पता चला है कि उमाशंकर व उसके दोस्तों का वारदात के पहले, उस दौरान और उसके बाद भी लगातार संपर्क में थे। कई बार तीनों ने आपस में बातचीत की। इसके अलावा वारदात के दौरान लक्की समेत सभी का लोकेशन भी रूद्री में ही पाया गया। जिसे पुलिस एक सबूत के तौर पर मान रही है।

### तीन साल से था प्रेम प्रसंग

पुलिस ने जब संदिग्ध दोस्तों से पूछताछ की तो जानकारी हुई कि उमाशंकर नागे का रामनगर कांकेर निवासी लड़की से 3 साल से प्रेम संबंध था। इसी दौरान पिछले 3-4 माह से भावेश उर्फ लक्की भी लड़की से बातचीत करते हुए उसके काफी करीब आ गया था। जिससे लड़की उससे प्रेम करने लगी थी। इसी बात को लेकर 20 दिन पहले उमाशंकर ने लक्की के साथ झगड़ा कर उसे धमकी भी दी थी।

### परिजनों के सामने कबूला, पुलिस के सामने मुकर गए

लक्की के पिता जितेंद्र देवांगन की रूद्री पुलिस में की गई शिकायत के अनुसार उनका बेटा दोपहर तक वापस आने की बात कह कर गया था। शाम तक नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद था। दोस्तों से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने लक्की की जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसी दौरान परिजनों को लक्की के धमतरी जाने का पता चला। वहां विवाद की जानकारी मिली। फिर गढ़पिछवाड़ी निवासी नाबालिग ने हत्या की जानकारी दी, पर पुलिस के सामने मुकर गए।

## खास-खबर

### हादसे में मौत के बाद क्लेम केस से बचने किया फर्जीवाड़ा, मुकदमा दर्ज

**रायगढ़ (ए)।** कोतरा रोड थाने की पुलिस ने लैलूंगा हीरापुर के एक शिक्षक की शिकायत पर जोरापाली निवासी उनकी बुआ के बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बाइक से एक व्यक्ति की मौत के बाद कानूनी कार्रवाई और क्षतिपूर्ति से बचने के लिए आरोपी ने अपनी बाइक पर शिक्षक की बाइक का नंबर लगा लिया था। मामले का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने दुर्घटना करने वाली बाइक के नंबर के आधार पर शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया और कोर्ट ने शिक्षक को पेशी में आने के लिए समन भेजा। जानकारी के मुताबिक हीरापुर लैलूंगा के शिक्षक तोष कुमार पटेल ने कोतरा रोड थाने में अपने बुआ के बेटे मालिक राम पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। तोष ने बताया उन्होंने 4-5 साल पहले इंश्योरेंस कराने के लिए अपनी बाइक क्रमांक सीजी 13 एसए 1971 की आरसी बुक मालिक राम को दी थी। मालिक राम ने इस नंबर प्लेट का इस्तेमाल खरीदी गई चोरी की बाइक में कर लिया। 1 जनवरी 2021 को मालिक राम ने अपनी बाइक धनागर के एक परिचित इंद्र उरांव को दी। बाइक चलाते हुए इंद्र ने तोरण कुमार खड़िया नामक एक व्यक्ति को टक्कर मारी और उसकी मौत हो गई। रायपुर के एक अस्पताल से सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस ने मामला दर्ज किया, बाइक जब्त कर ली। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली बाइक की जांच की तो चेसिस और इंजन नंबर के आधार पर बाइक का मालिक कबीर चौक का संतोष गुप्ता निकला।

### पत्नी ने की खुदकुशी, पति को पुलिस ने भेजा जेल

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने पत्नी को प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति गजाधर निषाद को बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने महिला के पास से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पति के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज किया है। टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल को रत्ना निषाद निवासी खुर्सीपार ने घर में फांसी लगा ली थी। मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। महिला ने अपने पति गजाधर निषाद पर प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला के शव का पीएम कराने के बाद उसके मायके वाले और तीनों बच्चों का बयान लिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भिखारी बनकर चोरी करने वाला महिला गिरोह गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में पुलिस ने भीख मांगने के बहाने चोरी करने वाली तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के गहने व मोबाइल और नगदी बरामद किया गया है। ये महिलाएं अपने दूध मुंहे बच्चे के भूखे होने का झांसा देकर भीख मांगने के बहाने घरों में जाती थीं और मौका मिलते ही चोरी कर भाग जाती थीं। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है।



कोटा के डोंगरीपारा में रहने वाली अनिता श्रीवास (45) गुरुवार सुबह अपने काम पर गई थीं। इस दौरान उसकी बेटी पूजा घर में अकेली थी। सुबह करीब 8.30 बजे घर में तीन महिलाएं दो दूध मुंहे बच्चों को लेकर भीख मांगने आई और कुछ खाने के लिए मांगा। उन्हें देखकर पूजा चावल लेने के लिए अंदर कमरे में गई। इतने में एक महिला दूसरे कमरे में घुस गई और बैग लेकर बाहर निकल रही थी। तभी चावल लेकर कमरे से बाहर निकली पूजा ने उसे देख लिया। उसकी हरकतों को देखकर पूजा शोर मचाते हुए चिल्लाने लगी। जब तक पूजा उन्हें पकड़ने की कोशिश करतीं, तीनों महिलाएं भाग निकलीं। पूजा ने इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों के साथ ही अपनी मां को दी। बैग में गहने व नगदी रकम रखे थे। फिर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

### बाइक में गली में घूम-घूमकर खोजती रही पुलिस

महिला चोर गिरोह की खबर मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम उनकी तलाश में जुट गई। पुलिस की अलग-अलग टीम गली में घूम-घूमकर महिलाओं की तलाश कर रही थी। तभी पता चला कि बाजारपारा में रहने वाले धनंजय गुप्ता (37) के घर से भी महिलाओं ने मोबाइल व रुपए चोरी की है।

### नाका चौक में बस के इंतजार में खड़ी थीं महिलाएं

इधर महिला चोर गिरोह के सक्रिय होने की खबर मिलते ही मोहल्लेवाले भी उनकी तलाश में जुट गए। कुछ लोगों ने कोटा के नाका चौक में दो बच्चों के साथ तीन महिलाओं को देख लिया। उन्होंने महिलाओं को रोक कर रखा था। इस दौरान पुलिस को इस घटना की जानकारी दी गई। खबर मिलते ही पुलिस पूजा श्रीवास को लेकर वहां पहुंची, तब पूजा ने महिलाओं को पहचान लिया।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि सुकंती सुबल (40), सपना देवी (28) और सुधा देवी खैरवार (30) बिलासपुर के उसलापुर में रहती हैं। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने मोबाइल के साथ ही गहने व रुपए बरामद किए। उनके खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा था मैसेज

महिलाएं कोटा क्षेत्र मे पिछले एक सप्ताह से भीख मांग कर इस तरह से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। सोशल मीडिया में लोगों को आगाह करने वाला मैसेज भी वायरल हो रहा था। थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा ने बताया कि क्षेत्र में हुई इस तरह की चोरी की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही महिलाओं से भी पूछताछ की जा रही है। महिलाओं से पूछताछ में चोरी के कई मामलों का खुलासा होने की उम्मीद है।

# लापता पूर्व पार्षद का मिला शवः सड़ी-गली हालत में खेत में पड़ा मिला

**राजनांदगांव (ए)।** राजनांदगांव में लापता हुए एक पूर्व पार्षद का शव गुरुवार को खेत में पड़ा मिला है। शव बुरी तरह से सड़ चुका है। ऐसे में हत्या हुई या उन्होंने खुदकुशी की है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही उसके अनुसार, आगे कार्रवाई की जाएगी। मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, राजीव नगर निवासी पूर्व पार्षद रोशन साहू (38) 18 अप्रैल को घर से निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं था। परिजनों ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही पुलिस उसे तलाश रही थी। इसी बीच गुरुवार सुबह छिरपानी में ग्रामीणों ने खेत में एक शव पड़ा देखा। वह काफी सड़ चुका था। इस पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।



शव पर मिले कपड़े और गुमशुदा के हुलिए को देख पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद शव की शिनाख्त कराई गई। फिलहाल पुलिस खुदकुशी और हत्या दोनों एंगल से मामले की जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि कोई जानकारी या सबूत मिल जाएंगे। वहीं परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग बालोद

क्र.1800/एन.आई.टी क्रं.-03/2022-23/व.ले.लि./बालोद, दिनांक 27.04.2022

निविदा प्रपत्र क्रं. करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :- 09/05/2022
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की तिथि :- 19/05/2022
निविदा खोलने की तिथि :- 20/05/2022

| क्रं. | विधानसभाग क्षेत्र का नाम | ग्राम/भवन कार्य का नाम | स्वीकृत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 |
| 1 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शास.पूर्व माध्यमिक शाला टेंगनाबरपारा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.05 |
| 2 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शास.पूर्व माध्यमिक शाला धोबनपुरी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.42 |
| 3 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं.02 फागुन्दाह पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 4 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय प्राथमिक शाला कंवर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 5 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में आंगनबाड़ी केंद्र क्रं.02 सांगली पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.42 |
| 6 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय हाई स्कूल भिरई पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 7 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय प्राथमिक शाला सनौद पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.05 |
| 8 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय हाई स्कूल खुदनी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 4.37 |
| 9 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय हाई स्कूल कोचवाही पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 10 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय हाई स्कूल छेडिया पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.94 |
| 11 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय प्राथमिक शाला अकलवारा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.42 |
| 12 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.42 |
| 13 | संजारी बालोद | वि.ख.-गुरूर में शासकीय प्राथमिक शाला चंदनबिरही पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 5.42 |
| 14 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बघमरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 16.10 |
| 15 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय उ.मा.वि. सांकरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 16 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय हाई स्कूल घुमका पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.05 |
| 17 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय हाई स्कूल भेंडियानवागांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 18 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय उ.मा.वि. लाटाबोड़ पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 4.26 |
| 19 | संजारी बालोद | वि.ख.-बालोद में शासकीय प्राथमिक शाला दरबारी नवागांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.67 |
| 20 | डौण्डीलोहारा | शासकीय एन.सी.सी. कॉलेज भवन बालक छात्रावास दल्लीराजहरा में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 9.00 |
| 21 | डौण्डीलोहारा | शासकीय पशु चिकित्सालय केंद्र भैसबोड़ में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 3.00 |
| 22 | डौण्डीलोहारा | शासकीय उ.मा.वि. खल्लारी में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 6.00 |
| 23 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल संजारी में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 9.00 |
| 24 | डौण्डीलोहारा | शासकीय थाना मंगचुवा में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 6.00 |
| 25 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल भवन रानाखुज्जी में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 9.00 |
| 26 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल भवन पथराटोला में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 18.00 |
| 27 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल भवन खैरवाही में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 18.00 |
| 28 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल भवन बिटाल में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 18.00 |
| 29 | डौण्डीलोहारा | शासकीय हाई स्कूल भवन भैसबोड़ में पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 18.00 |
| 30 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर सोसायटी से बंगलाखार में नाली निर्माण कार्य | 18.86 |
| 31 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के वार्ड नं. 08 एवं 09 में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (भाग-1) | 13.55 |
| 32 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के वार्ड नं. 08 एवं 09 में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (भाग-2) | 13.55 |
| 33 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के दिना घर से मिडिल स्कूल तक में सी.सी मार्ग का निर्माण कार्य | 17.52 |
| 34 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के मुक्तीधाम से पुरानी बस्ती तक सी.सी. मार्ग का निर्माण निर्माण कार्य (भाग-अ) | 17.89 |
| 35 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के मुक्तीधाम से पुरानी बस्ती तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य (भाग-ब) | 18.03 |
| 36 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के मुक्तीधाम से पुरानी बस्ती तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य (भाग-स) | 17.74 |
| 37 | संजारी बालोद | ग्राम बासीन वि.ख.-गुरूर के नयापारा में सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य | 12.83 |
| 38 | संजारी बालोद | ग्राम कोचेरा वि.ख.-गुरूर के दुर्गा मंदिर से आवासपारा तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य | 15.36 |
| 39 | संजारी बालोद | ग्राम कोचेरा वि.ख.-गुरूर के दुर्गा मंदिर से आंगनबाड़ी तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य | 15.36 |
| 40 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम तवेरा (मुंदेरा) मुख्य मार्ग से उ.मा.शा. भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 15.82 |
| 41 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम बेलटिकरी नहर पुल से शाला भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 11.81 |
| 42 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम चंदनबिरही मुख्य मार्ग से हल्थ एवं वेलनेस सेंटर तक पहुंच मार्ग निर्माण | 4.14 |
| 43 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम मुन्देरा मुख्य मार्ग से मा.शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं. 01 तक पहुंच मार्ग | 8.01 |
| 44 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम परसतराई मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं. 02 तक पहुंच मार्ग निर्माण | 8.01 |
| 45 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम माड़ियापार गांव से प्राथमिक शाला तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.01 |
| 46 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम लिमोरा मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केन्द्र तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 11.74 |
| 47 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम खुटेरी (ख) मुख्य मार्ग से पंचायत तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.01 |
| 48 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम सरेखा गांव से पंचायत तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 15.54 |
| 49 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम परसदा (डंग) गांव से हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 15.54 |
| 50 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम डुण्डेरा मुख्य मार्ग से उ.मा.शाला तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 19.11 |
| 51 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम डंगनिया मुख्य मार्ग से शाला भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 15.54 |
| 52 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के नं.प. गुण्डरदेही मुख्य मार्ग से उ.मा.शाला भवन गुण्डरदेही तक पहुंच मार्ग निर्माण | 15.54 |
| 53 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत अर्जुनी टिकरी मुख्य मार्ग से विद्युत सब स्टेशन एवं कार्यालय अर्जुन्दा तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 7.94 |
| 54 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के नं.पं. अर्जुन्दा मुख्य मार्ग से शासकीय उद्यान रोपणी कार्यालय तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 15.54 |
| 55 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम परसवानी मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.01 |
| 56 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम चीरचार मुख्य मार्ग से पूर्व माध्यमिक शाला एवं पंचायत भवन तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 7.94 |
| 57 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के ग्राम सुरेगांव मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगांव तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 8.01 |
| 58 | गुण्डरदेही | वि.ख.-गुण्डरदेही के शासकीय महाविद्यालय गुण्डरदेही तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 10.78 |
| 59 | संजारी बालोद | वि.ख.बालोद के भाटापारा शा.पूर्व.मा.शाला तरौद पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 16.09 |
| 60 | संजारी बालोद | वि.ख. गुरूर के शा.प्रा.शाला तितुरगहन पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 18.55 |
| 61 | संजारी बालोद | वि.ख. गुरूर के शा. उचित मूल्य दुकान बोरतरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 16.10 |
| 62 | संजारी बालोद | वि.ख. गुरूर के शा.प्रा.शाला कुम्हारखान पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 16.10 |
| 63 | संजारी बालोद | वि.ख. गुरूर के शा. नवीन महाविद्यालय गुरूर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य | 16.10 |

**नियम व शर्तें:-**
(1) ''ई'' वर्ग पंजीयन की प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (2) पेन कार्ड की छायाप्रति। (3) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (4) जिस ब्लॉक का कार्य है, उसी ब्लॉक के ''ई'' वर्ग श्रेणी के ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जावेगी। (5) कार्य की अवधि ''02 माह''

जी-90633/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग बालोद

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### वार्ड 34 शिवाजी वार्ड के मेडिकल केम्प में दाई-दीदीयों ने कराया उपचार

**भिलाई।** निगम क्षेत्र के स्लम एरिया में क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट का केम्प लगा रहा है। महापौर नीरज पाल ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दे रखा है कि लोगों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए स्लम एरिया के वार्डों में बारी-बारी से मोबाइल मेडिकल केम्प लगाई जाए। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने भी महापौर के निर्देशों का पालन कराने के लिए वार्डों में उनके मोहल्ले में उनके द्वार के पास केम्प लगवाई। इसके तहत आज वार्ड 34 शिवाजी वार्ड के केम्प दो दुर्गा विद्यालय के समीप मोबाईल मेडिकल केम्प के अंतर्गत दाई-दीदी क्लीनिक शिविर लगाई गई। बड़ी संख्या में बालिका व माताएं, दाई-दीदी क्लिनिक में उपचार कराने पहुंची थीं। इसमें किशोरी बालिकाओं व माताओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। हीमोग्लोबिन कम पाए जाने पर बालिकाओं व गर्भवती माताओं को दवाइयां दी गई। दवा के साथ अधिक विटामिनयुक्त फल व हरी सब्जियां का सेवन करने की सलाह दी।

### इंद्रिरा मार्केट क्षेत्र में सड़क बाधित करने वाले व्यवसाईयो को चेतवानी

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट सहित मुख्य मार्गों पर सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार करने वालों के खिलाफगुरुवार को निगम अमला ने कार्रवाई की। कार्रवाई के लिए पहुंचे निगम अमला ने अतिक्रमण कारियों की फ़ोटो व वीडियोग्राफी करवाई और उसके बाद सड़क पर फैलाकर रखे गए सामानों को हटवाया गया। इंदिरा मार्केट क्षेत्र में कारोबार सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार कर रहे हैं। इसके वजह से बाजार के भीतर व मुख्य मार्ग पर आवागमन को लेकर दिक्कत हो रही है। गुरुवार को निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम का बाजार विभाग व अतिक्रमण तोड़ू दस्ता इंदिरा मार्केट पहुंचा।निगम कर्मचारियों ने इंदिरा मार्केट सहित प्रेस काम्प्लेक्स एरिया,मार्केट क्षेत्र स्टेशन रोड न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क किनारे कब्जा कर सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार करने वाले बाहर समान रखे सभी व्यापारियों की फ़ोटो व वीडियोग्राफी करवाई गई।

### महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

# खेल मैदानों में आयोजित होंगे समर कैंप, सड़कों का होगा नवीनीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता और आयुक्त प्रकाश सर्वे तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में महापौर परिषद की बैठक एमआईसी कक्ष में संपन्न हुई। शहर के हित में महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण फैसले परिषद ने बैठक में लिए गए। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, मन्नान गफ्फार खान, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मीरा बंजारे, मालती ठाकुर, आदित्य सिंह, रीता सिंह गेरा एवं नेहा साहू मौजूद रहे।



वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों का नवीनीकरण कार्य किया जाएगा। खस्ताहाल सड़कों से लोगों को राहत मिलेगी। केपीएस चौक से सूर्या मॉल चौक एवं सूर्या विहार कॉलोनी तक डामरीकृत किए गए मार्गों का नवीनीकरण किए जाने का प्रस्ताव महापौर परिषद में लाया गया था महापौर परिषद ने इसकी स्वीकृति दे दी है। वार्ड क्रमांक 17 नेहरू भवन रोड में डामरीकरण कार्य के लिए भी मंजूरी एमआईसी ने दी है।

वार्ड क्रमांक 7 राधिका नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य किया जाएगा। 90 लाख की लागत से वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर दशहरा मैदान में उन्नयन का कार्य किया जाएगा इसकी स्वीकृति भी महापौर परिषद ने दी है। मैदान के उन्नयन कार्य से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी, वहीं रहवासियों को भी लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त महापौर परिषद की बैठक में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान दिए जाने के संबंध में, नेहरू नगर अंतर्गत पाइपलाइन लीकेज संधारण के कार्य की अतिरिक्त स्वीकृति, कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने, फुटपाथ निर्माण कार्य, चैनलिंक फेंसिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य, डोम शेड एवं टॉयलेट निर्माण कार्य, मदर्स मार्केट में विद्युतीकरण एयर कूलिंग सिस्टम तथा अन्य विकास कार्य आदि के प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया।

80 लाख की लागत से सेक्टर 2 तालाब का होगा सौंदर्यीकरण सेक्टर 2 तालाब में 80 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप सेक्टर 2 तालाब का सौंदर्यीकरण करने का कार्य किया गया है, जो कार्य रह गए है उन्हे भी पूरा किया जाएगा। सेक्टर 2 तालाब में छठ पर्व पर भक्तों का ताता लगता है, आस्था के इस पर्व में जन सैलाब उमड़ पड़ता है जिसको देखते हुए इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना आवश्यक है। महापौर परिषद ने 80 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य की मंजूरी आज बैठक में दी है। इस राशि से हाई मास्क लाइट, पेवर ब्लॉक, कुंड निर्माण, प्लांटेशन, बोरिंग एवं ब्यूटीफिक्रेशन के कार्य सहित अन्य काम किए जाएंगे।

विकसित खेल मैदानों में समर कैंप का होगा आयोजन नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विकसित खेल मैदानों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा इसकी स्वीकृति आज महापौर परिषद ने दी है। इसी के साथ ही नई परंपरा की शुरुआत भी होगी। विगत 2 वर्षों से कोविड-19 का संक्रमण होने के कारण खेल गतिविधियों में रुकावटें हुई है। परंतु वर्तमान में संक्रमण नहीं के बराबर है। जिसको देखते हुए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्मित किए गए खेल मैदानों में किया जाएगा। खिलाड़ियों को कोच के माध्यम से खेल अभ्यास कराए जाएंगे। अलग-अलग खेल गतिविधियों के मुताबिक खेल मैदान निगम क्षेत्र में तैयार किए गए हैं जहां एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, टेनिस टेबल, टेनिस, वॉलीबॉल, योगा, खो खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिमनास्टिक, जैसे खेल समर कैंप में आयोजित होंगे। खिलाड़ी समर कैंप के माध्यम से अपना दमखम मैदान में साबित कर पाएंगे और खेल प्रतिभा को निखारते हुए शहर का नाम राज्य, देश और दुनिया में रोशन करेंगे।

उद्यानों के माध्यम से मिलेगा रोजगार महापौर परिषद की बैठक में आज एक महत्वपूर्ण एजेंडा उद्यानों के रखरखाव के माध्यम से स्वयं के रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदाय करने का रहा।

निगम क्षेत्र में निवासरत आम नागरिक, महिला स्व सहायता समूह, फूल विक्रेताओं, शासकीय और अशासकीय संस्थाओं को उद्यानों के रखरखाव के माध्यम से रोजगार देने के लिए रुचि के व्यक्ति आमंत्रित करने का प्रस्ताव पर महापौर परिषद ने मंजूरी दी है। इस प्रावधान के तहत गुमटी लगाकर स्व सहायता समूह की महिलाएं आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार प्राप्त कर सकती हैं।

### जेनेरिक दवा दुकान एवं आत्मानंद स्कूल की संख्या बढ़ाने की मांग

# कल्याणकारी योजनाओं से कोई ना रहे वंचित, सीएम से करेंगे चर्चा : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के नए विकास मॉडल में शिक्षा एवं स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इन योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग शहरी क्षेत्र में दो अतिरिक्त सस्ती दवा दुकान एवं शहीद भगत सिंह स्कूल व बोरसी स्कूल को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में उन्नयन करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए गरीबों को राशन कार्ड के माध्यम से बीपीएल परिवारों को 5 लाख एवं एपीएल परिवारों को 50 हजार तक की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किए जाने के साथ ही डॉ खूबचंद बघेल विशेष स्वास्थ्य सहायता एवं मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजनाएं भी प्रदेश की जनता को महंगाई के इस दौर में बड़ी राहत दे रही हैं। सामान्य वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को अच्छी अंग्रेजी शिक्षा मुफ्त में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति है। स्कूलों को मिल रहे प्रतिसाद एवं बच्चो व पालकों के उत्साह को देखते हुए आबादी के अनुरूप आत्मानंद स्कूलों की संख्या बढ़ाने एवं सीटें बढ़ाने मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी। पटरी पार क्षेत्र में स्थापित करने की जनभावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने विकास कार्यों के लिए भी निगम आयुक्त से चर्चा कर डामरीकरण हेतु स्वीकृत 3 करोड़ के कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु आने के पूर्व शहर के आंतरिक सड़कों का डामरीकरण एवं गौरवपथ व मुक्तिधाम पहुंच मार्ग निर्माण पूरा करने का प्रयास किया जाए।

### मां शीतला सब्जी बाजार में विक्रेताओं ने लिया निर्णय

# सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं करेंगे उपयोग थैले में देंगे साग भाजी व सामान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम को स्वच्छ नंबर वन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने की कड़ी में विधायक अरुण वोरा एवम महापौर धीरज बाकलीवाल की मंशानुसार तथा आयुक्त हरेश मंडावी जी के मार्गदर्शन में ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणीग्राही के नेतृत्व में बाजार अधिकारी थानसिंग यादव की उपस्थिति में दुर्ग गौरव पथ स्थित मां शीतला सब्जी बाजार के सब्जी विक्रेताओं की आवश्यक बैठक आयोजीत की गई ।



ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की विस्तृत जानकारी दी तथा स्वच्छता में सहयोग करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णत: बंद करने उसके स्थान पर कपड़े जुट ,100त्न बायोडेग्रेडेबल थैले का उपयोग करने हेतु कहा । नगर निगम बाजार अधिकारी थान सिंग यादव ने भी उपस्थित सभी विक्रेताओं को सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने तथा नियमानुसार शासन द्वारा प्रमाणित 100त्न बायोडेग्रेडेबल बेग का उपयोग करने हेतु कहा । मां शीतला सब्जी बाजार अध्यक्ष विनोद साहू की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने एकमत से सहमत हुए और सबने नारे लगाते हुए कहा कल से सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान नहीं बेचेंगे। सामान थैले में ही देंगे । घर से थैला लेकर बाजार चलो । जो घर से थैला लेकर नहीं आयेंगे उनको हम थैला अपनी सब्जी दुकान में ही उपलब्ध कराएंगे । थैली खरीदकर के जाएं ।

### परिसर में विभिन्न प्रयोजन के लिए कार्ययोजना पर प्रस्ताव लाने पर दिया जोर

# सेमरिया में निगम को हस्तांतरित 70 एकड़ जमीन का सीमांकन कराने महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज भिलाई से लगभग 20-25 किलोमीटर दूर ग्राम सेमरिया पहुंचकर स्थापित किए गए इंसीनरेटर यूनिट का निरीक्षण किया।



यहां पर मृत पशुओं के निपटान की व्यवस्था के लिए इंसीनरेटर यूनिट का निर्माण किया गया है, महापौर ने मौके पर स्वास्थ अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की इंसीनरेटर यूनिट का परीक्षण करावे और रिपोर्ट देवे। शासन ने ग्राम सेमरिया में 70 एकड़ जमीन नगर निगम भिलाई को हस्तांतरित किया है। आज महापौर ने यहां लगभग 7 हजार वर्ग फीट में बने इंसीनरेटर यूनिट का निरीक्षण किया और वहां की वस्तुस्थिति का जायजा लिया साथ ही मृत पशुओं के निपटान की प्रक्रिया को समझा। उन्होंने स्पॉट पर ही नक्शे का अवलोकन किया और निगम को हस्तांतरित जमीन जो अलग-अलग भूखंड में विभाजित है उसका निरीक्षण किया।

महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी को शासन द्वारा निगम को हस्तांतरित 70 एकड़ जमीन का सीमांकन करवाने के निर्देश दिए हैं। सीमांकन होने के बाद भूमि को निगम सुरक्षित करने का काम करेगा और विभिन्न प्रयोजनों के लिए काम में लायेगा। इस परिसर में बेहतर प्रयोजन के लिए कार्य योजना बनाने का काम भी होगा, इसके लिए भी महापौर ने निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि निगम को जमीन हस्तांतरण करने के बाद से भूमि का उपयोग नहीं हो पा रहा था, जिसको देखते हुए महापौर ने इसे गंभीरता से लिया और सेमरिया का निरीक्षण करने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रकाश सर्वे, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर भी निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद रहे।

### सुपरवाइजरों को 7 दिन का अल्टीमेटम

# वार्ड में गंदगी देख भड़के आयुक्त, सुपरवाइजर को हटाया, नाली या सड़क पर सामाग्री रखा तो अब जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। वार्ड 22 मैत्रीकुंज में एक जगह कचरा डंप करने और लचर सफाई व्यवस्था को देख रिसाली निगम आयुक्त ने सुपरवाइजरों की क्लास ली। सवालों का जवाब नहीं देने और मॉनिटरिंग नहीं करने पर सुपरवाइजर महेन्द्र देशमुख को अंतिम चेतावनी देते हुए वार्ड का प्रभार बदला।



दरअसल आयुक्त हर रोज मॉर्निंग विजिट में अलग-अलग वार्डों का भ्रमण कर रहे है। अल सुबह वे मैत्रीकुंज पहुंचे थे। जहां स्वच्छता मित्र घरों से कचरा कलेक्शन कर खुले स्थान में डंप कर कचरा से कबाड़ छाटने का काम कर रहे थे। बाद में उस जगह को ऐसे ही छोड़ दिया था। इसी बात को लेकर सुपरवाइजरों की बैठक में आयुक्त ने सवाल जवाब किया। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर आयुक्त आशीष देवांगन ने सुपरवाइजर को वार्ड 22 से हटाते हुए उसकी जगह दूसरा सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाने निर्देश दिए।

#### घरों से ले कचरा अलग-अलग

आयुक्त ने कहा कि सुपरवाइजर इस बात का विशेष रूप से मॉनिटरिंग करे कि घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग हो रहा है कि नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे नहीं करने पर सख्ती बरते। जुर्माना वसूली की कार्यवाही करे। आयुक्त ने कहा कि कोई भी स्वच्छता मित्र सड़क किनारे कचरा डंप न करे। ऐसा करते पाए जाने पर बर्खास्त किया जाएगा। गुरूवार को हुए बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिए है कि सुपरवाइजर गार्बेज फ्री सिटी मिशन पर फोकस करे। मुहल्ले और गलियों में फैले पॉलीथिन को प्राथमिकता के साथ सफाई करे। किसी भी वार्ड में पॉलीथिन मिलने पर वे सीधे सुपरवाइजरों पर कार्यवाही करेंगे। 7 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं किए जाने पर सेवा समाप्त की जावेगी।

#### सामानों को करे जब्त

सुपरवाइजरों का कहना था कि आमतौर पर लोग सड़क व नाली किनारे भवन निर्माण सामाग्री रख देते है। हटाने की बात कहने पर वे जनप्रतिनिधियों का धौस देते है। आयुक्त ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए है कि सड़क नाली बाधा करने वालों पर कार्यवाही करे। उन्होंने कार्यवाही के लिए फोटो खिचने और राजस्व विभाग के संजय वर्मा व बृजेन्द्र परिहार को सूचना देने कहा।

#### एयर वॉल लिकेज, आज टैंकर से जल आपूर्ति

नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के नेवई स्थित उच्चस्तरीय पानी टंकी के मेन रायजिंग लाइन के एयर वॉल में लिकेज आ गया है। संधारण कार्य के लिए शुक्रवार सुबह 10 बजे से ब्रेक डाउन लिया जाएगा। जल कार्य विभाग के प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा ने बताया कि ब्रेक डाउन की वजह से स्टेशन मरोदा और नेवई क्षेत्र में आवश्यकता अनुरूप टैंकर से जल आपूर्ति की जाएगी। शनिवार से निर्धारित समय पर नल खोला जाएगा।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950